निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार 3 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 285 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




## संक्षिप्त समाचार

### बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में एक बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उनका शव दो दिन बाद सोमवार को तरहसी थाना क्षेत्र के कुसुमटाड़ जंगल से बरामद किया गया। मृतक की पहचान आर्का पंचायत के काजी पकरी निवासी 70 वर्षीय राजदेव महतो के रूप में हुई है। शव सेवती डाक बंगला के पास पदमा जाने वाली सड़क से सटे जंगल में मिला। मृतक के चेहरे पर धारदार हथियार से वार के निशान मिले हैं, जिससे पुलिस इसे हत्या का मामला मानकर जांच कर रही है। राजदेव महतो की पत्नी दुलारी देवी के बयान पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### युवक ने की आत्महत्या

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के हाथकाठी गांव में 28 वर्षीय शुभंकर दास ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उनका शव घर के पास एक कुएं में रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। पुलिस को कुएं के पास से एक सुसाइड नोट मिला। इसमें शुभंकर दास ने लिखा है कि वह 2 मार्च 2026 को अपना जीवन त्याग रहा है। इस कदम के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है, और वह जिंदगी से बहुत परेशान हो चुका था, जिसके कारण उसने यह निश्चय किया।

### आयरन एंड स्टील कंपनी में हादसे से मजदूर की मौत

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के मार्हण्ड स्थित नरसिंह आयरन एंड स्टील कंपनी में सोमवार देर रात एक मजदूर की मौत हो गई। रात्रि पाली में काम के दौरान लोडर मशीन की चपेट में आने से मजदूर जितेंद्र राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर करने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन उससे पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। मृतक जितेंद्र राम मूल रूप से बड़कागांव के अंबेडकर नगर के निवासी थे। पिछले दो वर्षों से वे कटकमदाग की बेस पंचायत में घर बनाकर रह रहे थे।

### रामगढ़ में तीन दुकानें जलकर राख

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के लोहार टोला स्थित होलिका दहन मैदान के पास रविवार देर रात करीब 12:30 बजे तीन झोपड़ीनुमा दुकानों में भीषण आग लग गई। इस घटना में तीनों दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। आग लगने का कारण पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी बताया जा रहा है। देर रात दो सांड आपस में लड़ते हुए ट्रांसफार्मर के पोल से टकरा गए, जिससे पोल हिल गया और उससे निकली चिंगारी पास की दुकानों पर जा गिरी। इसके बाद आग तेजी से फैल गई।

# झारखंड में बड़ा निवेश करेगा टाटा समूह, लोगों को मिलेगा रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में टाटा समूह कई नए क्षेत्रों में निवेश करने को तैयार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ सोमवार को हुई बैठक में इसे लेकर टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री ने उनसे ज्ञान आधारित क्षेत्रों में निवेश का आग्रह किया जिसे टाटा समूह ने स्वीकार किया है। इसके अलावा स्टील निर्माण को लेकर नई तकनीक पर रिसर्च की शुरुआत की जानकारी दी गई। इसके लिए समूह ने 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश की स्वीकृति दी है। बैठक के बाद एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि समूह झारखंड में हाइड्रोजन ट्रकों के निर्माण को लेकर काम कर रहा है। इसके अलावा होटल इंडस्ट्री में भी टाटा समूह निवेश करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि रांची में होटल के व्यवसाय में टाटा समूह



संभावनाओं की तलाश कर रहा है। इसके बाद दूसरे जिलों में भी समूह के प्रयासों का असर दिखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के साथ कई कार्यक्रमों में हम सहभागी बनना चाहते हैं। हाइड्रोजन ट्रकों के निर्माण की दिशा में टाटा समूह आगे बढ़ चुका है। यह कार्यक्रम जमशेदपुर में चल रहा है। रणनीतिक तौर पर झारखंड में निवेश को लेकर समूह तैयारी कर चुका है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि टाटा समूह ज्ञान आधारित उद्योगों में निवेश करे। समूह इसकी संभावनाओं पर अभी विचार कर रहा है। इस दौरान मुख्य सचिव अविनाश कुमार, टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी. नरेंद्रन, कॉरपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष डीबी. सुंदरा रामम तथा रांची के चीफ रेजिडेंट एक्जीक्यूटिव संजय मोहन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**सूचना**

रंगों का त्योहार होली के अवसर पर नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस 3 एवं 4 मार्च 2026 को बंद रहेगा। अतः अगला अंक 6 मार्च को प्रकाशित होगा।

**संपादक-प्रकाशक**

**शुभकामनाएं**

**रंगों का त्योहार होली के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सभी शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।**

**मनोज विशाल** — स्थानीय सपांदक
**कमल किशोर** — संपादक

# जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, 12 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत नयासराय गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष मामले में कार्रवाई हुई है। 28 फरवरी 2026 की देर रात हुई इस घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार, जिंदा कारतूस और लग्जरी वाहनों समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं। रांची के सिटी एसपी पारस राणा के अनुसार, 28 फरवरी की रात विधानसभा थाना प्रभारी को सूचना मिली कि नयासराय गांव में मारपीट और हिंसक झड़प हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां देखा गया कि आपराधिक प्रवृत्ति के कुछ लोग जाकिर अंसारी (57 वर्ष) और उनके पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे थे। हमले में जाकिर अंसारी के पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल दलादली स्थित एस्टन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस को देखते ही हमलावर मौके से भागने लगे। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच टीम का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में छोटू खलखो, कुलदीप खलखो, बबलू कुजूर, शुभम प्रजापती उर्फ मितल प्रजापती, कमलेश महली, चंदन टोप्पो, राज किशोर उरांव, प्रदीप लोहार, सुमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, रवि कुमार और दिलजन मुष्कर शामिल हैं। वहीं, अरुण खलखो और अजय तिर्की घटना में घायल हुए हैं और वर्तमान में अस्पताल में इलाजरत हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3।15 बोर की फोल्डेबल राइफल, एक देसी पिस्टल, 7 एमएम के 5 जिंदा कारतूस, एक खाली मैगजीन, 2 स्कॉर्पियो वाहन, 1 फॉर्च्यूनर, 1 बुलेट मोटरसाइकिल, 12 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी छोटू खलखो पहले भी सुभाष मुंडा से जुड़े मामले में जेल जा चुका है।

## कुएं में गिरा घायल हाथी, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची/खूंटी।** खूंटी वन विभाग की सूझबूझ से एक जंगली हाथी को मरने से बचा लिया गया है। यह हाथी जंगल से भटकते हुए रिहायशी इलाके में आ गया था। शहरी इलाके से निकलते वक्त अनिगढ़ा में हाथी एक कुएं में जा गिरा। इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से कुंआ तोड़कर हाथी के लिए रास्ता तैयार किया गया। काफी मशक्कत के बाद हाथी कुएं से बाहर निकाला गया जो वहां से आगे की ओर चला गया। फिलहाल इलाके में दहशत है। खूंटी के डीएफओ कुलदीप यादव ने बताया कि वन कर्मी हाथी को कमंता डैम के रास्ते चाईबासा के घने जंगलों की ओर भेजने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि हाथी बीमार और चोटिल है। इसी वजह से किसी को नुकसान नहीं पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर ज्यादा भीड़ होने पर हाथी आक्रामक हो जाते हैं। उसकी बाईं आंख चोटिल है। कहा सुबह जब खूंटी शहर में भी घुसा तो बिल्कुल शांत रहा। वन विभाग के पदाधिकारी के मुताबिक यही हाथी कुछ समय पहले राजधानी रांची समेत आसपास के इलाकों में सक्रिय था। राजधानी का सफर तय करने के बाद खूंटी पहुंच गया। इस हाथी ने दशमाइल, सिलादोन के रास्ते भूत और भंडारा गांव के जंगल में रात गुजारी और तड़के खूंटी शहर में आ घुसा। विशालकाय हाथी डीएवी रोड के डेली मार्केट और नगर भवन तक पहुंच गया। इसकी वजह से इलाके में अफरा तफरी मची रही। खास बात यह है कि इस दौरान वन विभाग की टीम मौजूद थी।

# राशन दुकान से उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही चीनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में सरकारी राशन दुकान से मिलने वाली चीनी अब उपभोक्ताओं से दूर हो चुकी है। हालत यह है कि पिछले 15 महीने से सरकारी राशन दुकान से चीनी मिलने की आस लगाए बैठे लाखों उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। सरकारी उदासीनता की वजह से ना केवल होली की मिठास फीकी पड़ गई है, बल्कि ईद और रामनवमी जैसे पर्व भी बगैर चीनी का बीतने वाला है। मार्च महीने में एक साथ कई पर्व होने वाला है। होली के अलावे ईद, रामनवमी और सरहुल इसी महीने हैं। जाहिर तौर पर सरकार के द्वारा जिस तरह से तैयारी की गई है, उससे साफ है कि इन त्योहार पर भी सरकारी चीनी की मिठास पीडीएस उपभोक्ताओं को मिलने वाला नहीं है। जब इस संबंध में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी से पूछा गया तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विभाग द्वारा इसकी आपूर्ति के लिए लगातार टेंडर कराया जाता है लेकिन कोई इसमें भाग नहीं लेता मगर बिचौलिया सक्रिय है। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि पीडीएस दुकान से ग्रामीण क्षेत्र में लोग चीनी नहीं मांगते हैं। लेकिन शहर में जरूर मांगते हैं। मंत्री ने कहा कि बिहार झारखंड से कोई टेंडर में शामिल नहीं होते हैं। इसके अलावा बिहार में चीनी मिल बंद हो चूकी है, इसके पीछे ईख की पैदावार का नहीं होना है। राज्यभर में 25400 पीडीएस दुकान हैं। जहां से सरकारी चीनी की आपूर्ति की जाती है। इधर चीनी की आपूर्ति नहीं होने से पीडीएस दुकानदारों की परेशानी बढ़ी हुई है। उपभोक्ता डीलर से त्योहार पर भी चीनी नहीं मिलने पर आए दिन नोंकझोंक करते हैं। पिछले 14 महीने से चीनी नहीं मिलने के कारण पीडीएस दुकानदार उपभोक्ताओं की नाराजगी झेल रहे हैं। इसको लेकर फ़ेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा कहते हैं कि सरकार ने सरसों तेल, दाल और चीनी जैसे सामानों की आपूर्ति की थी लेकिन समय पर आपूर्ति नहीं होने से लोग पीडीएस दुकान पर आते हैं और खाली हाथ लौट जाते हैं। उम्मीद की जा रही थी कि मार्च महीने में होली, ईद, सरहुल और रामनवमी जैसे त्योहार हैं, उस मौके पर चीनी की आपूर्ति की जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। पीडीएस उपभोक्ता सावित्री कहती हैं कि कई महीनों से चीनी नहीं मिल रहा था। हम लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि होली के मौके पर चीनी मिलेगी, लेकिन नहीं मिली। ऐसे में कैसे पुआ पकवान बनेगा। रमजान के महीने में सरकारी चीनी नहीं मिलने से नाराज उपभोक्ता एसरार अंसारी कहते हैं कि जब से इरफान अंसारी मंत्री बने हैं, चीनी नहीं मिल रही है। ईद के मौके पर भी यदि चीनी नहीं मिले तो यह बेहद ही दुखद बात है। झारखंड में गरीबों की थाली से मिठास गायब है। राज्य के 8.92 लाख अंत्योदय परिवार को करीब 15 महीने से चीनी नहीं मिली है। राज्य सरकार द्वारा इन गरीब परिवार को रियायती दर पर प्रति माह एक किलो चीनी देने का प्रावधान है। गरीबों को रियायती दर पर चीनी उपलब्ध कराने में सरकार को भारी भरकम राशि खर्च करनी पड़ती है। यूं कहे तो 1 रुपए प्रति किलो चीनी देने के बाद राज्य सरकार बाजार से चीनी खरीदने में 40 से 45 रुपए तक खर्च करती है। उसके बाद गरीबों को आपूर्ति की जाती है।

# दिनदहाड़े बैंक लूट का प्रयास, फायरिंग कर अपराधी फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोड्डा।** जिले के महगामा स्थित बैंक ऑफ इंडिया में अपराधियों ने दिन दहाड़े लूट का प्रयास किया। हालांकि अपराधी अपने मंसूबे में नाकाम रहे और फायरिंग कर फरार हो गए। जिससे एक सुरक्षाकर्मी को गोली लग गई है और वह घायल हो गया है। घायल सुरक्षाकर्मी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना को अंजाम देने के लिए चार की संख्या में अपराधी पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक चार की संख्या में अपराधी बैंक ऑफ इंडिया के महगामा स्थित केंचुआ चौक शाखा में घुसे थे। इसके बाद फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों के द्वारा दो राउंड फायरिंग की गई। वहीं अपराधियों ने बैंक में तैनात सुरक्षाकर्मी से बंदूक छीनने का प्रयास किया। जिससे वह जख्मी हो गया। बैंक मैनेजर ने बताया कि जैसे ही गोली की आवाज हुई, उन्होने अलर्ट बेल




बजा दिया और लॉकर को बंद कर दिया। इस कारण अपराधी वहां तक नहीं पहुंच पाए। वहीं स्थिति को भांपते हुए अपराधी भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही महगामा थाना पुलिस इंस्पेक्टर उपेंद्र महतो दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। उन्होंने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ा जायेगा। मालूम हो कि इलाका बिहार की सीमा से सटा हुआ है। यहां से अपराधी बिहार की सीमा में घटना को अंजाम देकर चले जाते हैं। महगामा में पहले भी बैंक ग्राहकों से लूट की वारदात हुई है। लेकिन इस बार बैंक लूट की घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई है, जो अपराधियों के बढ़ते मनोबल को दर्शाता है।

# जमीन विवाद में चाचा ने भतीजे को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक चाचा ने अपने ही भतीजे को गोली मार दी। गोली कमर के पास लगी है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। भतीजे की हालत खतरे से बाहर है। दरअसल पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय रोहित कुमार का अपने चाचा के साथ जमीन एवं संपत्ति का विवाद काफी लंबे समय से चल रहा था। इसी विवाद में दोनों के बीच बहस हुई थी। बहस इतनी बढ़ गई कि चाचा अपने गुस्से पर काबू न रख सका और उसने अपने भतीजे रोहित कुमार को गोली मार दी। गोली लगने के बाद परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए नवजीवन अस्पताल तुम्बागाड़ा में भर्ती करवाया। रोहित कुमार और उसके चाचा दोनों मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन एवं शुभचिंतक अस्पताल पहुंचे। पलामू के इलाके में जमीन के विवाद में अक्सर आपराधिक घटनाएं होती रहती हैं। जमीन के विवाद में सामूहिक हत्या के साथ-साथ कई जगह इस प्रकार के अपराध भी हुए हैं।




# प्रकृति की सुंदरता में चार चांद लगा रहा पलाश का फूल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जामताड़ा।** संथाल परगना में इन दिनों पलाश के फूल से वातावरण खुशनुमा बन गया है। पलाश के फूल से पूरा वातावरण खिल रहा है। पलाश के रंग और इसकी भीनी महक प्रकृति की सुंदरता में चार चांद लगा रही है। जामताड़ा सहित संथाल परगना में पलाश के फूल से वातावरण खिल रहा है। चारों तरफ पलाश के फूल अपने रंग सुंदरता बिखेर रहे हैं। प्रकृति की सुंदरता में चार चांद लग रहा है। झारखंड सहित पूरे संथाल परगना में पलाश के पेड़ काफी संख्या में पाए जाते हैं। बसंत ऋतु में पलाश के फूल खिलते हैं। झारखंड सरकार द्वारा पलाश के फूल को राजकीय फूल घोषित किया गया है जो कि झारखंड की संस्कृति से जुड़ा हुआ है। पलाश के फूल सहित पलाश के पेड़, पत्ते आदिवासी समाज संस्कृति से जुड़ा हुआ है। आदिवासी समाज में पलाश के फूल का काफी महत्व है। आदिवासी समाज पलाश के फूल से प्राकृतिक रंग तैयार करते हैं साथ ही इसके फूल पत्ती का धार्मिक महत्व भी है। आदिवासी समाज



इसके फूल पत्ते का उपयोग पूजा पाठ धार्मिक कार्य में भी करते हैं। इसके पत्ते का दोना के रूप में भी उपयोग किया जाता है। आदिवासी समाज के साहित्यकार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सुनील बास्की इसके उपयोग और महत्व बताते हुए कहते हैं कि पलाश का फूल एक राजकीय फूल है और यह आदिवासी संस्कृति से जुड़ा हुआ है। इसके फूलों से प्राकृतिक रंग तैयार करते हैं और पत्ते फूल का उपयोग धार्मिक कार्य के उपयोग में भी लाया जाता है। वो बताते हैं कि पलाश के फूल पत्ते धार्मिक दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं हैं बल्कि प्राकृतिक एवं वातावरण को भी संतुलित बनाने में भी काफी महत्व रखते हैं। पलाश के फूल सिर्फ धार्मिक और प्राकृतिक दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इसके कई औषधीय गुण भी हैं। इसके बीज और पत्ते से कई आयुर्वेदिक दवा के बनाई जाती है। जामताड़ा जिला के जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अवध यादव बताते हैं कि पलाश का फूल, बीज और इसके जड़ में काफी औषधीय गुण हैं। पलाश के फूल के बीज से पेट के कीड़े को खत्म किया जाता है, साथ ही रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता का भी गुण इसमें पाया जाता है। बहरहाल पलाश का फूल न सिर्फ आदिवासी समाज झारखंड की संस्कृति की पहचान है बल्कि धार्मिक दृष्टिकोण और प्राकृतिक एवं वातावरण को भी संतुलित बनाए रखने में अपना महत्व रखता है। झारखंड सरकार इस ओर भी ध्यान दे तो पलाश के फूल और इसके पत्ते रोजगार का साधन बन सकते हैं।

# पर्व में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर की फ्लैग मार्च

## उपायुक्त रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार फ्लैग मार्च का कर रहे थे अगुवाई





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** होली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश देना था कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उपद्रव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील इलाकों तथा भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल, महिला पुलिस बल एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का त्योहार है, इसे शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर, प्रेम और सद्भाव के साथ होली का त्योहार मनाएं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पर्व को लेकर विशेष गश्ती दल, द्रुत कार्रवाई बल तथा नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि भ्रामक या भड़काऊ संदेशों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षित और मर्यादित तरीके से होली मनाने का संदेश दिया।

साथ ही, नशाखोरी, हुड़दंग और जबरन रंग लगाने जैसी गतिविधियों से बचने की सलाह दी गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह, श्रीकांत यशवंत विस्पुते, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह समेत वरीय अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कुएं से मिले शव मामले का खुलासा हत्या के आरोप में युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग, ब्यूरो।** झारखंड पुलिस के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बड़ाबाजार ओपी क्षेत्र के हुरहुरू मुहल्ला स्थित पासवान टोला के एक कुएं से बरामद शव मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 25 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 9:30 बजे कुएं से एक शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान सिकेन्द्र कुमार उर्फ ललू गोप के रूप में की गई। मृतक के भाई संजय कुमार के आवेदन पर सदर (बड़ाबाजार) थाना कांड संख्या 55/26, दिनांक 25.02.2026, धारा-3(1)/238/3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले के अनुसंधान एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया।

जांच के क्रम में प्रताप कुमार दास उर्फ छोटू (23 वर्ष), पिता रामकुमार दास, निवासी हुरहुरू पासवान मुहल्ला, थाना बड़ाबाजार ओपी, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि 23 फरवरी 2026 की शाम लगभग 5:30 से 6:00 बजे के बीच मृतक के साथ उसका विवाद हुआ था। विवाद के दौरान धक्का-मुक्की में मृतक गिर गया, जिसके बाद अभियुक्त ने पत्थर से वार कर दिया तथा रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के बाद शव को कम्बल से ढककर छोड़ दिया गया। अगले दिन रात में शव को कम्बल में लपेटकर घसीटते हुए पासवान मुहल्ला स्थित कुएं में फेंक दिया गया। बरामद सामग्रीः घटना में प्रयुक्त कम्बल, अभियुक्त द्वारा पहना गया कपड़ा, गिरफ्तार अभियुक्त, प्रताप कुमार दास उर्फ छोटू (23 वर्ष) आपराधिक इतिहासः अभियुक्त पूर्व में कोर्रा थाना कांड संख्या 242/23 (दिनांक 26.08.2023) में छिनतई के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस द्वारा अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### जमुआ और देवरी में महिला डॉक्टर की कमी पर उठे सवाल स्वास्थ्य विभाग से जल्द नियुक्ति की मांग : मंजू कुमारी

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जमुआ और देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में महिला डॉक्टर की अनुपस्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। क्षेत्र की माताओं-बहनों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है जानकारी के अनुसार जमुआ और देवरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लंबे समय से महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को विशेषकर प्रसूति, स्त्री रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए पुरुष डॉक्टरों के सामने असहजता का सामना करना पड़ता है। कई बार गंभीर स्थिति में उन्हें जिला मुख्यालय या अन्य निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियां बढ़ जाती हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार स्वास्थ्य विभाग से मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री और संबंधित विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप कर जमुआ और देवरी में महिला डॉक्टर की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की है ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। लोगों का कहना है कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेता है और क्षेत्र की माताओं-बहनों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

### उपायुक्त ने वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों के साथ की विस्तृत बैठक

**गिरिडीह (नबिटासं)।** होली पर्व के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामनिवास यादव ने वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, नगर निकाय प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने संबोधन में कहा कि होली रंगों और आपसी भाईचारे का पर्व है, जिसे सभी समुदायों को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से माहौल बिगड़ सकता है। ऐसे मामलों में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आईटी सेल को विशेष रूप से सक्रिय



रहने का निर्देश दिया ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह पर तुरंत रोक लगाई जा सके। बैठक में होलिका दहन स्थलों की सूची की समीक्षा की गई तथा सभी स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि होलिका दहन के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम सतर्क रहे तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर आवश्यक बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए। साथ ही, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विद्युत विभाग, पेयजल विभाग एवं नगर परिषद को निर्देश दिया कि पर्व के दौरान निर्बाध बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सड़कों की साफ-सफाई, नालियों की सफाई एवं कचरा उठाव की व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड में रहने को कहा गया तथा सदर अस्पताल में आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने बताया कि पर्व के दौरान सभी थाना क्षेत्रों में गश्ती दल सक्रिय रहेंगे। असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा ध्वनि प्रदूषण नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। डीजे और लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए निर्धारित समय-सीमा का पालन अनिवार्य होगा।बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे। कई सदस्यों ने मोहल्ला स्तर पर शांति समिति की छोटी बैठकों के आयोजन का सुझाव दिया, जिसे उपायुक्त ने सराहा और तत्काल अमल में लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और आम जनता के सहयोग से ही पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकता है। अंत में उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना को बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

# उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी ने की वाहन जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा शहर में व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने तथा दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से संचालित किया गया। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर सघन जांच की। जांच के क्रम में दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के कागजातों की गहन पड़ताल की गई। वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसी) आदि की जांच की गई। जिन वाहनों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी पाई गई या यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े गए, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटा गया। इस दौरान कुल 73 दो पहिया वाहनों से 1,37,000 रुपया का जुमार्ना वसूला गया। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने जैसे मामलों पर विशेष रूप से सख्ती बरती गई। जिला परिवहन पदाधिकारी, श्री संतोष कुमार ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें। सड़क पर सावधानी और अनुशासन ही सुरक्षित यात्रा की कुंजी है। अभियान के दौरान आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि नियमों का पालन केवल दंड से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। इस अभियान से शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में सकारात्मक संदेश गया है।

# केरेडारी में सड़क काटने पर बवाल, मशीनें जब्त कंपनी ने 6 करोड़ नुकसान का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी माइंस क्षेत्र में शनिवार देर रात सड़क काटे जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। चट्टीबारियातु कोल माइंस के समीप ऋत्विक कंपनी द्वारा कथित तौर पर सड़क काटे जाने के बाद स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हो गया। इसी दौरान पूर्व विधायक योगेंद्र साव के मौके पर पहुंचने और कंपनी की मशीनों की चाबी लेकर उन्हें जब्त करने का मामला सामने आया है।

कंपनी का आरोप है कि घटना के दौरान उसकी तीन मशीनों में बालू और चीनी डाल दी गई, जिससे वे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, मशीनों को दोबारा चालू स्थिति में लाने में करीब 36 लाख रुपये का खर्च आएगा, जबकि कुल नुकसान लगभग 6 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। घटना माइंस विस्तार परियोजना के तहत सड़क काटे जाने से जुड़ी बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का एक वर्ग सड़क काटे जाने का विरोध कर रहा था। विवाद बढ़ने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी प्रबंधन ने इस मामले में अंबा प्रसाद और योगेंद्र साव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, दोनों नेताओं की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। यह घटना केरेडारी में चल रही खनन परियोजनाओं और स्थानीय स्तर पर उनके प्रभाव को लेकर एक बार फिर बहस छेड़ सकती है।

# डुमरी में 160 किलो जावा महुआ जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डुमरी (गिरिडीह)।** होली पर्व को ध्यान में रखते हुए निमियाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम केंदुआडीह में सोमवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया छापेमारी के दौरान बासुदेव साव (पिता झ पुन्नू साव) के झोपड़ी एवं करकेट के मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में प्लास्टिक के 08 छोटे डब्बों में रखा कुल लगभग 160 किलो जावा महुआ बरामद किया गया। बरामद सामग्री को विधिवत जब्त करने के बाद मौके पर ही नष्ट कर दिया गया इसके अतिरिक्त शराब बनाने में उपयोग की जा रही भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया गया, ताकि दोबारा अवैध उत्पादन न हो सके। पुलिस ने स्पष्ट किया कि होली के मद्देनजर क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

# होली पर्व पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिलेवासियों को दी हार्दिक शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** होली पर्व के पावन अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि होली रंगों, उमंग और आपसी प्रेम का त्योहार है, जो समाज में भाईचारे और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ करता है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है। उपायुक्त ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है, जबकि रंगों की होली सामाजिक समरसता और एकता को दशार्ती है।



उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीके से मनाएं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। साथ ही, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग

■ कहा- होली रंगों, उमंग और आपसी प्रेम का त्योहार है, जो समाज में भाईचारे और सौहार्द की भावना को करता है सुदृढ़

करें उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन पर्व के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है।

सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल और विद्युत आपूर्ति को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अंत में उन्होंने कामना की कि यह होली सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए तथा जिले में आपसी प्रेम और सद्भाव का रंग और भी गहरा हो।

# पगार ओपी में शांति समिति की बैठक, चलंत डीजे व अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी थाना अंतर्गत पगार ओपी परिसर में होली एवं रमजान महापर्व को लेकर शांति समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी ने की। त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई।



बैठक में बड़कागांव के इंस्पेक्टर, ललित कुमार, सुनीता देवी (प्रमुख), महेंद्र रजक (पंचायत समिति सदस्य), सुंदर गुप्ता, शहबान मिया, रियाज मियां, आबादी, राजू प्रजापति, शंकर कुमार, विनोद राम सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि चलंत डीजे (मोबाइल डीजे) एवं अश्लील गानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। किसी भी हाल में भड़काऊ, आपत्तिजनक या अश्लील गीत बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। ओपी प्रभारी ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही महत्वपूर्ण पर्व हैं, इसलिए सभी समुदायों के लोग शांति और आपसी सम्मान के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी नजर रखने की बात कही और आम लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी, गश्ती बढ़ाने और आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती करने का भी निर्णय लिया गया। इंस्पेक्टर बड़कागांव ने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ होली एवं रमजान मनाने की अपील की।

# ओबीसी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए हेमंत सरकार ने दिए 400 करोड़ : जेसीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड छात्र मोर्चा ने हेमंत सरकार को ओबीसी विद्यार्थियों के लिए 400 करोड़ छात्रवृत्ति देने के लिए धन्यवाद दिया है। झारखंड छात्र मोर्चा गिरिडीह के नेता अभय कुमार ने कहा कि मोदी सरकार ओबीसी विद्यार्थियों की पढ़ाई रोक देना चाहती है । क्योंकि पीछले तीन सालों से ओबीसी विद्यार्थियों को छात्रहित नहीं बैठक में छात्र मोर्चा के अभय कुमार, बद्री यादव, विशाल झा, रौनक मिश्रा आदित्य यादव, कुंदन सिंह, करण यादव और आशीष मिश्रा मौजूद थे । बैठक में यह बात सामने आई कि केंद्र सरकार द्वारा फंड उपलब्ध न कराने के कारण गिरिडीह के कुल 40,339 ओबीसी छात्र छात्रवृत्ति से वंचित हैं। श्री प्रकाश मेहरा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए 41.15



दे रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षा शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा वो उतना दहाड़ेगा। लेकिन भाजपा और केन्द्र सरकार चाहती है कि ओबीसी के विद्यार्थी नहीं पढ़े लिखे, उनकी पढ़ाई लिखाई बंद हो जाए ।

उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि केन्द्र सरकार यथाशीघ्र ओबीसी विद्यार्थियों को पूरा छात्रवृत्ति नहीं भुगतान किया तो ओबीसी के विद्यार्थी सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। झारखंड छात्र मोर्चा के बैनर तले होली के बाद जोरदार और उग्र आन्दोलन किया जाएगा। जिसका जिम्मेदार भाजपा और केन्द्र सरकार होगी झारखंड छात्र मोर्चा झामुमो छात्र संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिला कल्याण पदाधिकारी से मुलाकात किया जिसमें मुख्य रूप से करोड़ रुपये की मांग की गई थी। छात्रवृत्ति के संबंध में सचिव महोदय को दिनांक 02.12.2025 को एक पत्र प्रेषित किया गया था, जिसका पत्र क्रमांक (लेटर नंबर) 2104 है। इस पत्र के माध्यम से छात्रवृत्ति से जुड़ी आवश्यक कार्यवाही हेतु सचिव का ध्यान आकर्षित किया गया है। छात्र नेता अभय कुमार ने बताया कि छात्रों की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए अब झारखंड सरकार ने राज्य कोष (स्टेट फण्ड) से सभी छात्रों को स्कॉलरशिप देने का निर्णय लिया है,ये छात्रों के लिए बहुत खुशी की बात है लेकिन केंद्र सरकार के द्वारा छात्रवृत्ति का पैसा नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है, इससे साफ पता चलती है कि केंद्र सरकार झारखंड के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बीच में रोकने को आमादा है।

# हजारीबाग में खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद की बैठक संपन्न

## विकास योजनाओं को मिली मंजूरी, सांसद मनीष जायसवाल ने व्यवस्था सुधार पर उठाए सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा ( हजारीबाग ब्यूरो)।** जिले के नए समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की न्यास परिषद की उच्चस्तरीय बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बड़कागांव के ढेंगा में एक अत्याधुनिक विद्यालय का संचालन किया जाएगा। साथ ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आधुनिक पुस्तकालयों का निर्माण होगा। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए डाडी प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण तथा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ह्यकैथ लैबह्न की स्थापना पर सहमति बनी। हेल्थ एटीएम और मोबाइल विजन नेटवर्क वैन को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में बतौर सदस्य उपस्थित सांसद मनीष जायसवाल ने सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली और संसाधनों के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में उपकरणों एवं मैनपावर की तैनाती से पूर्व पूर्ण आकलन अनिवार्य होना चाहिए। मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में अनुपयोगी सेपरेशन मशीन और बेकार पड़ी



एंबुलेंसों का उदाहरण देते हुए उन्होंने संसाधनों की उपयोगिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उ्टत्रब्ल मद से पारदर्शी व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया। सांसद ने दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने, सरकारी स्कूलों में अनिवार्य रूप से बाउंड्री वॉल निर्माण, किराए के भवनों में संचालित करीब 500 आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने और रेलीगढ़ा से नया मोड़ तक जर्जर सड़क को सीसीएल के सहयोग से दुरुस्त कराने की बात रखी। क्षेत्र में हाथियों के बढ़ते प्रकोप पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने अवैध खनन और ब्लास्टिंग को इसका कारण बताया। जंगलों का हेलीकॉप्टर सर्वे कर अवैध कोल माइनिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, हाथी प्रभावित क्षेत्रों में कच्चे मकानों को पक्का करने, मल्टीपर्पज हॉल निर्माण और प्रभावित परिवारों का बीमा कराने का सुझाव दिया। सांसद ने हजारीबाग झील के कंक्रीटीकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए नागरिक संवाद की आवश्यकता बताई। साथ ही कनहरी बायोडायवर्सिटी पार्क को आमजन के लिए निःशुल्क करने, झील के एम्फीथिएटर में गतिविधियां शुरू करने और चौपारण, झंडा चौक, बड़कागांव, विष्णुगढ़ एवं बरही में मॉडल शौचालय निर्माण का प्रस्ताव दिया। बरही में पेयजल संकट को देखते हुए सभी योजनाओं को मार्च से पहले धरातल पर उतारने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, एसपी अंजनी अंजन, डीडीसी रिया सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गला रेतकर हत्या

- शराबियों का करती थी विरोध
- घटनास्थल से चिकन बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड नंबर 12 स्थित एक घर से धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या किया गया एक बुजुर्ग महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। हत्या की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार वाले गांव पहुंच गए। स्वजन का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक स्थानीय स्वर्गीय देवी विलास राय के 70 वर्षीय पत्नी दाजो देवी थी।

स्वजन ने आरोप लगाया कि घर के पास शराबियों का जमाबरा लगता था, महिला इसका विरोध करती थी इसके कारण गला रेत कर हत्या कर दी गई है। घटनास्थल पर एक कटोरा में चिकन और अन्य सामान मिला है। पुलिस ने घटना स्थल से धारदार हथियार भी बरामद किया।

घटना की जानकारी जुड़ावनपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी लेने के बाद कागजी कार्रवाई के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया उसके बाद स्वजन शव लेकर गांव चले गए। मिली जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग महिला अपने घर में अकेली रहती थी। घर के आस-पास कुछ शराबियों का अड्डा था। महिला लगातार शराबियों का विरोध करती थी। इसी कारण शराबियों ने धारदार हथियार से महिला की गला रेत कर हत्या कर दी। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र सुनील राय ने बताया कि हम लोग रांची रहते हैं।

स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना दी गई कि तुम्हारी मां की हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही जब हम अपने घर पहुंचे तो घर में खून से लथपथ घर में शव पड़ा हुआ था।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले वह गांव आकर अपने मां से मिलकर वापस रांची गया था। बीते शनिवार की शाम मोबाइल पर फोन से बातचीत हुई उसके बाद मोबाइल बंद बताने लगा। लगातार फोन करने के बाद फोन रिसीव नहीं करने पर बगल के एक व्यक्ति को फोन किया तो पता चला कि मां की हत्या कर दी गई है।

इस संबंध में जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ओझा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना के संबंध में पूरी जानकारी लेने के पश्चात आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पटना पुलिस बनी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट

## नौ महीने में 15 का किया एनकाउंटर, एक ढेर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है। यही कारण है कि पिछले 9 महीने में 15 एनकाउंटर हुए हैं, जिसमें से एक को ढेर कर दिया गया।

हाल ही में पुलिस ने जेपी गंगा पथ पर पीएमसीएच के पास एक अपराधी का एनकाउंटर किया। उसकी पहचान वैशाली के हाजीपुर निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ वैशाली और पटना में पहले से आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास सहित चार केस दर्ज हैं।

28 जनवरी को अमित अपने साथी पीयूष के साथ सिविल कोर्ट में पेशी के लिए आए कुख्यात सुबोध सिंह गैंग के तातिया नाम के एक आरोपित की हत्या करने आया था। पुलिस ने उसके साथी को तो गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन अमित फरार था। तब से पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी।

तलाश में वैशाली से लेकर उसके सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। दो दिन पहले पुलिस को सूचना मिली कि वह पटना में छिपा है। जिसके बाद पुलिस उसके इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर भी नजर रख रही थी।

जैसे ही उसने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट खोला, पुलिस को उसके लोकेशन की जानकारी मिल गई। उसका लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस की टीम जेपी गंगा पथ पर पहुंच गई। वहां उसने पुलिस को देखकर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके पैर में गोली मारी और उसे दबोच लिया।

# कल्पना संग लोकगायक गोप के होली गीत - जोगीरा का मचेगा धमाल

## विस अध्यक्ष , उपमुख्यमंत्री सहित कई मंत्री होली गीतों पर दिखेंगे झूमते



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर।** सारण जिले के लोकगायक रामेश्वर गोप, प्रसिद्ध गायिका कल्पना पटवारी के साथ होलीगीत जोगीरा का धमाल मचाते टीवी चैनल पर दिखेंगे।होली के अवसर पर कल्पना और गोप के गीतों का फिल्मांकन व ध्वन्यांकन एक साथ न्यूज 18 बिहार झारखंड के लिए किया गया है।

मौर्या होटल के प्रांगण में खुले मंच पर कार्यक्रम की हुई शूटिंग सम्पन्न हुई है।बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कैबिनेट मंत्री,संजय सिंह, अशोक चौधरी , दिलीप जायसवाल, श्याम रजक , कांग्रेस नेता असित तिवारी चैनल ब्यूरो दिवाकर तिवारी आदि मुख्य अतिथियों के बीच फिल्मांकित कार्यक्रम में फगुआ,धमार ,जोगीरा, पहपहट आदि भोजपुरी के पारम्परिक विधा के होली गीतों को गायक गायिकाओं ने प्रस्तुति दी है।

कार्यक्रम रिकार्डिंग व फिल्मांकन से जुड़े मुकेश मिश्रा के अनुसार हर साल की तरह इस बार भी रंग बरसे कार्यक्रम का प्रसारण लगातार दो - तीन दिनों तक प्राइम टाइम में किया जायेगा ।खुले मंच पर आम दर्शकों के साथ साथ उपस्थित राजनेता मंत्री भी झूमते और होली गीतों का आनंद उठाते दिखेंगे। गायक गोप के गीतों का प्रसारण डीडी बिहार पर भी दिखेगा।

# गड्ढे में पलटी बस, कई हुए चोटिल

## बाल-बाल बचे 70 से अधिक यात्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सुपौल।** नेशनल हईवे 27 पर सोमवार की अहले सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पटना से जोगबनी जा रही यात्री बस चिकनी गांव के पास करीब 3:00 बजे अनियंत्रित होकर हाईवे से लगभग 20 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरी। बस में सवार 70 से अधिक यात्री बाल-बाल बच गए। हालांकि, इस दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक महिलाओं को हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस पटना से जोगबनी की ओर जा रही थी। चिकनी गांव के समीप अचानक चालक को नींद लग जाने के कारण बस असंतुलित हो गई और सड़क किनारे नीचे जा गिरी। गनीमत यह रही कि बस पास में मौजूद 11 हजार वोल्ट के बिजली खंभे से नहीं टकराई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना के बाद बस के भीतर अफरा-तफरी मच गई और यात्री जोर-जोर से चिल्लाने लगे। यात्रियों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। बस का अगला शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही भपटियाही थाना की गश्ती पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस की देखरेख में सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार, घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरी बसों के माध्यम से उनके गंतव्य की ओर भेज दिया गया। इस दुर्घटना में चालक सहित अन्य सभी यात्री सुरक्षित हैं, लेकिन बस को काफी क्षति पहुंची है।

# उत्सवमय हुई सिल्क सिटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** होली पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। सिल्क सिटी इन दिनों लाल गुलाल और रंगों की आभा में रंगी नजर आ रही है। बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी और अबीर की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। इस वर्ष होली बुधवार को मनाई जाएगी, लेकिन उससे पहले ही शहर का माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो चुका है।

सोमवार सुबह से ही शहर के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों में महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से होलिका पूजन किया। महिलाएं एकत्रित होकर निर्धारित होलिका दहन स्थलों पर पहुंचीं और पूजा-अर्चना की।

कच्चा सूत, हल्दी, रोली, अक्षत और नई फसल की बालियों के साथ होलिका की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतानों की लंबी आयु और घर में खुशहाली की कामना की गई।

धार्मिक मान्यता है कि होलिका पूजन से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह परंपरा बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में भी देखी जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार भक्त प्रह्लाद की रक्षा और होलिका के दहन की स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है। इसी आस्था के साथ महिलाएं श्रद्धा भाव से अपने परिवार की मंगलकामना के लिए पूजा करती हैं।

होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और गश्ती बढ़ा दी गई है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। प्रशासन ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की है।

## महिलाओं ने किया होलिका पूजन



# 110 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेलागंज थाना की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में करीब 110 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। शराब को बेला रेलवे स्टेशन के पास एक गुमटी में छुपाकर रखा गया था, जहां से पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि बेला रेलवे स्टेशन के समीप एक गुमटी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छुपाकर रखी गई है और उसे आसपास के क्षेत्रों में खपाने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया और बताए गए स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गुमटी की तलाशी लेने पर अलग-अलग ब्रांड की विदेशी शराब की बोतलें बरामद की गईं। कुल मिलाकर लगभग 110 लीटर शराब जब्त की गई। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब का धंधा करने वाला व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान में जुटी है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्व अवैध रूप से शराब की तस्करी कर कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# होली मिलन समारोह, रंग-गुलाल के बीच दिखी सामाजिक समरसता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार के नारायण पैलेस में सोमवार को श्रमजीवी पत्रकार संघ की बेलागंज इकाई के बैनर तले भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरे आयोजन में आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता की झलक साफ दिखाई दी। समारोह का विधिवत शुभारंभ संघ के जिलाध्यक्ष रंजन सिन्हा, जयप्रकाश कुमार, राकेश कुमार, बेलागंज के डॉ. राघवेंद्र कुमार शर्मा, अंचलाधिकारी गजानन मेहता, थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, भाजपा नेता महेश शर्मा, कुमार सत्यशील, कांग्रेस नेता रामविनय सिंह, नुनु सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से एक-दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाकर किया। रंगों के इस उत्सवी माहौल में उपस्थित सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। समाज में प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि यह आपसी मतभेद भुलाकर गले मिलने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर है। पत्रकार समाज की आवाज होते हैं और ऐसे आयोजनों के माध्यम से वे सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती प्रदान करते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की जिम्मेदारी अहम होती है और समाज को जोड़ने में उनकी भूमिका सराहनीय है। होली मिलन समारोह के दौरान वृहद पैमाने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक अंदाज में एक से बढ़कर एक होली गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर उपस्थित लोग झूम उठे। कार्यक्रम स्थल पर जगह-जगह रंग और गुलाल उड़ते नजर आए, जिससे पूरा माहौल होलीमय हो गया।

कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों एवं अतिथियों के बीच आत्मीय संवाद भी हुआ, जिसमें क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक और विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। श्रमजीवी पत्रकार संघ की बेलागंज इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की उपस्थित लोगों ने प्रशंसा की और इसे सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।




# लेखिका अंशिता सिन्हा को मिली डॉक्टर की मानद उपाधि

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के महमदपुर गाँव निवासी मंजू रानी एवं जनार्दन प्रसाद की पुत्री अंशिता सिन्हा को डॉक्टर (विद्या वाचस्पति) की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। उन्हें यह सम्मान काशी हिन्दी विद्यापीठ के कुल सचिव इंद्रजीत तिवारी एवं कोषपाल पवन कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। रांची में आयोजित इस कार्यक्रम में सेंट जेवियर कॉलेज रांची के भूतपूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुमार बोस, वरिष्ठ साहित्यकार अनिता रश्मि एवं प्रतिभा प्रसाद कुमकुम, डॉ. श्याम कुंवर भारती, मधुमिता साहा के साथ-साथ देश भर से आये कई साहित्यिकार मौजूद थे। गौरतलब है कि यह प्रतिष्ठित शैक्षणिक सम्मान किसी क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि एवं सामाजिक प्रभाव के लिये दी जाती है। अंशिता सिन्हा को यह सम्मान साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिये प्रदान किया गया। वे कई वर्षों से साहित्य जगत में लेखनी के द्वारा अनवरत सेवा करती आ रही हैं। अब तक उनकी चार किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। जिनमें एक

# गांधी स्मृति यात्रा में कोआर्डिनेशन कमेटी बनाने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** गांधी स्मृति यात्रा 1 मार्च को फादर रंजीत के आश्रम में रुकी। फादर रंजीत गांधी विचार के आस्थावान सामाजिक कार्यकर्ता हैं। आदतन खादीधारी हैं। 2 मार्च को सुबह फादर रंजीत के साथ गांधी स्मृति के यात्रियों के साथ यात्रा के उद्देश्य और अग्रिम कार्यक्रम पर लंबी चर्चा हुई। गांधी स्मृति यात्रा के अंतिम पड़ाव पर हम सब ने अपना मूल्यांकन किया। यात्रा के दरमियान भविष्य में आयोजित की जाने वाली यात्राओं के संबंध में निर्णय लिया गया। ।2 दौर में बाकी बचे बिहार और उत्तरप्रदेश के बाद उड़ीसा ,गुजरात,दक्षिण भारत के बाद, दिल्ली गांधी समाधि पर रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने का निर्णय लिया गया। संसाधनों के एकत्रीकरण पर विचार किया गया। इस संबंध में देशभर के अपने साथियों और संस्थाओं से संपर्क करने का निर्णय हुआ।

यात्री दल के विजय कुमार ने कहा कि हमें यात्राओं में सभी धर्म के संस्थाओं से भी संपर्क बनाना चाहिए क्योंकि हमारा उद्देश्य सद्भावना कायम करना है, यह एक तरह के विचार के लोगों को एक मंच पर लाए बिना संभव नहीं है। चंद्रभूषण ने कहा कि यात्राओं में हमें रहने और खाने के खर्च को सीमित करना चाहिए। अब तक के अनुभव से हमने यह सीखा है और इसका प्रतिफल भी मिला है। प्रोफेसर मनोज कुमार ने कहा कि कुमार कलानंद मनी देश भर के ऐसे संस्थानों को जोड़ने में हमारी मदद कर सकते हैं। गिरिजा का सहयोग भी लिया जाना चाहिए। देश भर के ऐसे साथियों का जो हमारा राष्ट्रीय संपर्क बढ़ा सकते हैं। उनके साथ एक कोआर्डिनेशन कमेटी बनाई जानी चाहिए। व्हाट्सएप ग्रुप पर ऑनलाइन बैठक की जानी चाहिए। राज्य स्तर पर वही के साथियों द्वारा यात्राएं आयोजित की जा सके,इसकी संभावना ढूंढी जानी चाहिए। राज्यों की यात्राओं के बाद राज्य स्तर के बैठक में उस दस्तावेज पर स्वीकृति लेनी चाहिए। तदोपरांत राष्ट्रीय समागम करके संपादित किया जाना चाहिए। दस्तावेज हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में हो सके इसकी भी कोशिश की जानी चाहिए।सीमा कुमारी ने कहा कि महिलाओं को विशेष रूप से जोड़ा जाना चाहिए। फादर रंजीत ने हर तरह से सहयोग करने का वचन दिया।

यात्री दल ने यात्रा के अनुभवों को और अपने-अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। निर्णय लिया गया कि सभी अपने यात्राओं के अनुभव का वृतांत लिखेंगे। पूर्व तैयारी की कमी महसूस की गई। पूर्व सूचना नहीं रहने के कारण बहुत से साथी शहर से बाहर थे। होली नजदीक होने के कारण विश्वविद्यालय में छुट्टी हो गई थी। रमजान का समय था। इन कठिनाइयों के बावजूद विभिन्न जगहों पर लगभग 1000 युवा युवती साथियों से संपर्क हो सका। अलीगढ़ प्रयागराज और लखनऊ में बड़ी बैठक करने का निर्णय लिया गया।लखनऊ में कई समूह के लोग पहली बार एक साथ बैठे। आगे भी इनके बीच संबंध बना रहेगा।

भ्रमण का रास्ता बहुत सोच समझ कर बनाया जाना चाहिए ताकि रास्ते का दोहराव नहीं हो। और संसाधन कथा समय बचाया जा सके।

# विवाद में हुई फायरिंग, किशोर सहित चार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में जखड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना हुई। इस दौरान तीन युवक और एक 17 वर्षीय किशोर घायल हो गए। घायलों की पहचान नोमान खान, दाबर खान, अरमान खान और 17 वर्षीय अरबाज खान के रूप में की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को सिकंदरा स्थित पशु हाट में किसी बात को लेकर गांव के ही दो पक्षों में बहस हुई। यह विवाद धीरे-धीरे पुरानी रंजिश में बदल गया। शाम तक मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने फायरिंग शुरू कर दी। घटना में आरोप है कि मोहम्मद रिजवान खान, मोहम्मद नोमान खान, मोहम्मद गुलफान और मोहम्मद शमीम ने फायरिंग की, जिससे चार लोग घायल हुए।

घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिकंदरा ले जाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जमुई सदर अस्पताल रेफर किया। वहां इलाज के दौरान एक घायल की स्थिति नाजुक पाई गई और उसे बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया। सभी घायलों का इलाज अभी जारी है और उनकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ सतीश सुमन और एसएफएल टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलन में जुट गई। एसडीपीओ ने बताया कि यह घटना आपसी रंजिश के चलते हुई है और आरोपितों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांव में तनाव को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आपसी सौहार्द बनाए रखें।

# कांग्रेस नेता का निधन



**गयाजी।** वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता, समाजसेवी अरविंद वर्मा के लंबे बीमारी से इलाज के दौरान दिल्ली के निजी अस्पताल में मृत्यु से संपूर्ण कॉंग्रेस परिवार सहित शहर वासियों में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करने वालों में बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, श्री राम दुबे, प्रद्युम्न दुबे, बैजू प्रसाद, शिव कुमार चौरसिया, धर्मेंद्र कुमार निराला, सुनील कुमार पासवान आदि शामिल रहे। नेताओं ने इस दुख की घड़ी में दो मिनट का मौन रख इश्वर से प्रार्थना किया की इनके परिवार को सहन शक्ति प्रदान करें।

# होली मिलन में छात्रों ने खूब उड़ाये गुलाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय परिसर होली की उमंग और रंगों से पूरी तरह गुलजार नजर आया। कैंपस में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान छात्रों ने अबीर-गुलाल से एक-दूसरे को रंगा और उत्सव का आनंद लिया।

कॉलेजों में होली की छुट्टियां शुरू होने से पहले एनएसयूआई की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राजधानी के विभिन्न कॉलेजों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और भाईचारे व सौहार्द का संदेश साझा किया। एनएसयूआई के रीतेश केशरी, अलका कुमारी, साधना सोरेन, विक्की और आनंद कुजूर सहित कई छात्रों ने बताया कि ह्रहॉलों में हमलोग खूब मस्ती करते हैं। कॉलेज कैंपस में हर साल होली की छुट्टी से पहले इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आज कॉलेज में होली की छुट्टी है और हमलोग अपने दोस्तों के साथ त्योहार का आनंद ले रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान कैंपस में डीजे पर फिल्मी, हिंदी, भोजपुरी और नागपुरी गीतों की धुन गूंजती रही। छात्र-छात्राएं इन गीतों पर जमकर थिरके और सेल्फी व ग्रुप फोटो लेकर इस यादगार पल को संजोया। छात्रों ने बताया कि परीक्षा और पढ़ाई के व्यस्त माहौल के बीच ऐसे आयोजन आपसी मेल-मिलाप और उत्साह बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। होली मिलन समारोह के माध्यम से छात्रों ने खुशी और उमंग के साथ त्योहार का स्वागत किया और छुट्टियों में घर रवाना होने से पहले एक-दूसरे के साथ उत्सव का आनंद साझा किया।

## पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील

**शिवाजीनगर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर हथौड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी कड़ी में हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बालीपुर, परशुराम, रहटौली सहित आसपास के संवेदनशील इलाकों में किया गया। इस दौरान थाना अध्यक्ष के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान मौजूद रहे। पुलिस टीम ने गांवों की मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में पैदल मार्च कर आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना अध्यक्ष मौसम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है। सभी लोग आपसी सौहार्द के साथ होली मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, शराब पीकर उत्पात मचाने या कानून-व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि अपने बच्चों पर विशेष नजर रखें और त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को देने की बात कही फ्लैग मार्च के दौरान ग्रामीणों ने भी पुलिस प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने का संकल्प लिया।

# जेपी सेनानियों ने किया होली मिलन समारोह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मढ़ौरा।** मंगलवार को सारण जिले के मढ़ौरा के सिलौरी के शिवालय में सिलौरी के जेपी सेनानियों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छपरा, सीवान एवं गोपालगंज से आये सैकड़ों सेनानियों ने भाग लिया। प्रांतीय जेपी सेनानी अध्यक्ष सहित जिला जेपी सेनानी अध्यक्ष ने होली मिलन समारोह में भाग लिया। अबीर गुलाल लगा कर सेनानी एक दूसरे को बधाई दी उसके बाद सेनानियों को वस्त्र दे कर सम्मानित किया और विभिन्न प्रकार के भोजन का आनंद लेकर सेनानी एक दूसरे का अभिवादन कर अपने-अपने घर के लिए प्रस्थान कर गये।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से एनएएम (नेशनल अयूष मिशन) के तहत योजनाओं पर चर्चा एवं समीक्षा करते हुए उनके बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने कहा कि आयुष पद्धति से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण रूप में पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी को योजनाओं के क्रियान्वयन में विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंच सके।

बैठक के दौरान आयुष केंद्रों की कार्यप्रणाली, आधारभूत संरचना, मानव संसाधन की उपलब्धता तथा अन्य विषयों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आने देने का निर्देश दिया। बैठक में डीसीएलआर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शहर में घुसा हाथी

**खूंटी**। शहर में सोमवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई जब भूत भंडरा क्षेत्र की ओर से एक जंगली हाथी शहर में प्रवेश कर गया। दतिया गांव की ओर से शहर में घुसा हाथी डेली मार्केट होता हुआ नेताजी चौक के समीप महात्मा गांधी धर्मशाला तक पहुंच गया। हाथी के शहर में प्रवेश की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग उसे देखने के लिए मौके पर जुट गए। कुछ लोग हाथी को खदेड़ने की कोशिश भी करते रहे, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई। हालांकि, समय रहते वन विभाग की टीम की मौके पर पहुंच गई और सायरन युक्त वाहनों की मदद से हाथी को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाथी के चलने से सड़क किनारे फुटपाथ पर कुछ अस्थाई दुकानों और झोपड़ियों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। नगर भवन से वापस डीएवी रोड की ओर खदेड़े जाने के दौरान हाथी पीड़ीटोली, अमृतपुर आदि बस्तियों के गली मोहल्ला से गुजरता हुआ मुख्य सड़क पर वन विभाग के कार्यालय तक पहुंच गया, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों में भी हलचल मच गई।

# सभी थानों व ओपी में तैनात रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। रंगों के त्योहार होली को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा है।

सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। क्विक रिस्पॉन्स टीम भी मौजूद रहेगी। होली के अवसर पर 3 मार्च को दोपहर 2 बजे से 5 मार्च की सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा।

अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जबकि डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217, 2311107, 112 रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सक की टीम तथा एम्ब्युलेंस मौजूद रहेगी। धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धमाबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। वहीं अनुमंडल दंडाधिकारी, सभी डीएसपी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। साथ-साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूरे अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। होली के अवसर पर किसी भी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना के फलस्वरूप त्वरित इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल व एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक इमरजेंसी वार्ड में 24 घंटे चिकित्सकों की टीम की व्यवस्था रखेंगे।

जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे चिकित्सक, एएनएम व कर्मी मौजूद रहेंगे।

होली के अवसर पर सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक, लोक शांति या विधि व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सामग्री पर पुलिस के सोशल मीडिया मोनिटरिंग सेल की विशेष निगरानी रहेगी।

ऐसा करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत एवं नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। होली का अवसर पर जिले के सभी देशी विदेशी एवं मसालेदार शराब की दुकानें, बार, रेस्टोरेंट आदि पूरी तरह से बंद रहेंगे। इस अवधि में मदिरा की बिक्री पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। वहीं अवैध शराब की चुलाई, भंडारण एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त आदेश में होली मिलन समारोह, होलिका दहन, सतर्कता, पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## श्री राधा गिरधारी माधव मंदिर में महा महोत्सव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। गोसाईडीह स्थित वृंदावन विहार के नवनिर्मित मंदिर प्रांगण में भगवान श्री राधा गिरधारी माधव का भव्य प्रवेश समारोह संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति भाव के साथ महा महोत्सव मनाया।

कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं कीर्तन से हुई। इसके पश्चात अभिषेक, महा आरती एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया। पूरे वातावरण में हरे कृष्णा महा मंत्र की ध्वनि गूंजती रही। महा आरती के उपरांत उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

मंदिर प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने बताया कि आज भगवान श्री राधा गिरधारी माधव अपने नव निर्मित मंदिर प्रांगण में विराजमान हुए हैं। धनबाद के सभी श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से इस प्रांगण का निर्माण संभव हो पाया है। अब यहां मुख्य मंदिर निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे यह स्थल आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

प्रबंधन की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि नवनिर्मित मंदिर स्थल से धर्म प्रचार, विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सहयोग तथा साप्ताहिक फूड फॉर लाइफ कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जाएंगे।

इस्कॉन प्रबंधन ने बताया कि भक्तों के सहयोग से भव्य मंदिर, सरोवर एवं शिक्षा केंद्र के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्र एवं धनबाद नगर के श्रद्धालुजन उत्साहपूर्वक इस दिव्य मंदिर निर्माण अभियान में भाग ले रहे हैं।

# सखी मंडल की दीदियों ने उपायुक्त को किया पलाश गिफ्ट हैम्पर भेंट

## पलाश मार्ट में लोगों के लिए उपलब्ध है हर्बल गुलाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। आज जिला कार्यक्रम प्रबंधक, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के नेतृत्व में सखी मंडल की दीदियों ने उपायुक्त आर रॉनिटा से भेंट कर उन्हें पलाश गिफ्ट हैंपर सौंपा। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उत्पादों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देने की बात कही। वहीं सखी मंडल की दीदियों ने प्रखंड स्तर पर भी पलाश गिफ्ट हैंपर को पदाधिकारियों से मिलकर उन्हें भेंट किया।

इस विशेष गिफ्ट हैंपर में पलाश ब्रांड के अंतर्गत निर्मित विविध गुणवत्ता-युक्त उत्पादों को सुसज्जित रूप में सम्मिलित किया गया है। यह हैंपर स्थानीय स्व-सहायता समूहों की मेहनत, आत्मनिर्भरता एवं सृजनशीलता का प्रतीक है, जो होली के रंगों के साथ-साथ समृद्धि, सहयोग एवं आत्मविश्वास का संदेश भी प्रसारित करता है।

उल्लेखनीय है कि इस हैंपर में शामिल होली के प्राकृतिक रंग फूलों एवं सब्जियों से तैयार किए गए हैं, जो पूर्णतः सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल हैं।

ये उत्पाद बाजार टांड़ खूंटी के समीप स्थित पलाश मार्ट में आम नागरिकों के लिए उपलब्ध हैं।

## जिप अध्यक्ष के आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के धनबाद स्थित आवास पर रंगों और उमंगों का पर्व होली के शुभ अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी जिला परिषद सदस्यगण की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक भव्य बना दिया।

समारोह में आपसी प्रेम, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का मनमोहक और उत्सवपूर्ण वातावरण देखने को मिला। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित किए। यह होली मिलन समारोह जनप्रतिनिधियों के बीच मजबूत समन्वय, एकता एवं सामाजिक सद्भाव का सशक्त संदेश देने वाला प्रेरणादायी आयोजन साबित हुआ।

# ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट लगाने की सुगबुगाहट तेज




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर**। झारखंड को रक्षा उत्पादन का केंद्र बनाने की तैयारी है। सब कुछ ठीक रहा तो बाबा नगरी देवघर में ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी। इसके लिए यहां ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की यूनिट लगाई जाएगी। इसकी पहल गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने की है। देवघर में ईकाई लगाने संबंधी सांसद डॉ. दुबे के सुझाव पर रक्षा मंत्रालय ने विचार करना शुरू कर दिया है।

दरअसल, सांसद डॉ. दुबे ने रक्षा मंत्री को देवघर में इकाई की स्थापना को लेकर पत्र लिखा था। पत्र का जवाब सचिव रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग ने दिया है। जिसमें ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई के विस्तार होने पर उनके सुझाव पर विचार करने की बात कही गई है। सांसद ने पत्र की चर्चा करते कहा कि रणनीतिक सहमति मिल गई है। सांसद डॉ. दुबे ने 13 जनवरी, 2026 को रक्षा मंत्री को पत्र लिखा था। सांसद ने बताया कि देवघर भू-रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इकाई की स्थापना से यह इलाका रक्षा उद्योग का एक बड़ा केंद्र के रूप में उभरेगा।

सांसद डॉ. दुबे ने बताया कि ब्रह्मोस मिसाइल के इकाई की स्थापना से यह इलाका औद्योगिक विकास के रूप में विकसित होगा। रोजगार की अपार संभावनाएं होंगी। रोजगार सृजन के नए द्वार खुलेंगे।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत देश में रक्षा उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए थे। जिससे विदेशों में ब्रह्मोस मिसाइल की मांग बढ़ी है। देवघर एयरपोर्ट भी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। उन्होंने कहा है कि यूनिट लगने से झारखंड में स्थापित बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान के आसपास इससे जुड़े उद्योगों का एक कलस्टर विकसित होगा। जिससे राज्य में आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मिसाइल निर्माण के उपयोग में आने वाले छोटे पार्टस की डिमांड होगी। जिससे एमएसएमई सेक्टर को लाभ मिलेगा। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## होली के दिन ड्राई डे घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। होली के दिन चार मार्च को राज्य में ड्राई डे रहेगा। इसके तहत राज्य में शराब की खुदरा दुकानें, बार एवं क्लब सहित थोक बिक्री परिसर जेएसबीसीएल, सभी देसी व विदेशी शराब निमार्ता कंपनियां, सभी प्रकार के लाइसेंसी शराब से जुड़े प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। पुलिस राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सख्ती बरतेगी। नशे में पकड़े गए तो बिना मेडिकल जांच के घर नहीं जा सकेंगे। होली के दिन किसी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति प्रतिबंधित रहेगा।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की ओर से इससे संबंधित आदेश जारी होने के बाद जिलों में भी वहां के सहायक आयुक्त उत्पाद, अधीक्षक उत्पाद ने अपने-अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। होली को लेकर पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर ली है। इस बार शराब के नशे में पकड़े गए लोगों को बिना मेडिकल जांच और कानूनी कार्रवाई के घर नहीं जाने दिया जाएगा। रांची पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि हुड़दंग, तेज रफ्तार वाहन चलाने, सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

होली के मद्देनजर सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। शहर में वर्दी के साथ-साथ सादे लिबास में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो भीड़-भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखेंगे। विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पूर्व में हुड़दंग या झड़प की घटनाएं सामने आई हैं।

पूरे शहर पर सिटी कंट्रोल रूम से नजर रखी जाएगी। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और मुख्य सड़कों की मानिटरिंग की जाएगी। कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। एसएसपी राकेश रंजन ने सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने का निर्देश दिया है। गश्ती दलों को चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों और भीड़ वाले स्थानों पर नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने को कहा गया है। साथ ही, बाइक स्क्वाड को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।

प्रमुख चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी।

# अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की तैयारी में जुटी लोक समिति

## महिला सशक्तिकरण से समाज और राष्ट्र का होगा विकास : शिवजी सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। पटना प्रवास के दौरान बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि लोक समिति एक गैर दलीय राष्ट्रीय जन है। जिसकी स्थापना लोक नायक जय प्रकाश नारायण ने 30 जून 1977 ई.को की थी। लोक समिति अपने स्थापना काल से ही संघर्ष एवं रचनात्मक कार्यो में विश्वास करती है। लोक समिति भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी ,शिक्षा, स्वास्थ्य, अंधविश्वास, पाखंड, छुआछूत, शांति सद्भावना ,सर्वधर्म समभाव, नर- नारी समता,तिलक-दहेज, घरेलू हिंसा,पूर्ण शराब बन्दी, नारी उत्पीड़न, शोषण, अन्याय,खेती-किसानी का संकट ,बाढ़ वो सूखा वगैरह ज्वलन्त मुद्दो,तथा सरकार के गलत नीतियों का सदैव विरोध करती रही है। श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष के भाँति इस वर्ष भी लोक समिति बिहार के गया,पटना, नवादा , बेतिया, मोतिहारी, छपरा, मुजफ्फरपुर ,समस्तीपुर, नालंदा, भागलपुर , जमुई, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, बक्सर, औरंगाबाद, बाढ़, दरभंगा वगैरह जिलों में आगामी 8 मार्च को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मेलन कराने की तैयारी जिला के कार्यकर्त्ता तन-मन- धन से जुट गयें है।

श्री सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से समाज और राष्ट्र का विकास होगा। एक तरफ महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य,विज्ञान, खेल, राजनीति, व्यापार,खेती किसानी के क्षेत्र में निरन्तर आगे बढ़कर प्रगति कर रही है, तो दूसरी तरफ पुरूष प्रधान देश में महिलाओ के साथ भेदभाव करके उन्हें घरेलू हिंसा का शिकार बनाया जाता है। आज भी कुछ जगहों पर महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के क्षेत्र में अपने से निर्णय लेकर आगे बढ़ने के अधिकार से पूर्णतः बंचित है। श्री सिंह ने कहा कि आज भी महिलाएं काफी दबी एवं डरी हुयी है क्यों कि घर से बाहर उनकी सुरक्षा नहीं है। दिल्ली का निर्भया कांड रह- रह याद आती है। जो सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करती है।विशेष सुरक्षा तथा आरक्षण देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। सम्मेलन में पूर्ण शराब बन्दी कानून को सख्ति से पालन करने, घरेलू हिंसा,तिलक-दहेज एवं लैंगिक बिषमता को समाप्त करने और आरक्षण जैसे गम्भीर मुद्दो पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया जायेंगा। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गांधीवादी चिंतक गिरिजा सतीश कार्यक्रम सम्मेलन की सफलता को लेकर बिहार प्रदेश पदाधिकारियों से लगातार फोन से सम्पर्क एवं संवाद कर आवश्यक निर्देश एवं संदेश दे रहें है ताकि महिलाएं स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर भारतीय समाज में प्रतिष्ठा के साथ सरकार से अपना हक अधिकार पा सकें।

# हरा सुकू गांव में महिलाओं ने मनायी पुष्प होली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। खूंटी जिला के रनिया प्रखंड के अंतर्गत हरा सुकू गांव में पुष्प होली मनाया गया। वहां के सभी महिलाएं इस गांव के इकट्ठा होकर होली मिलन का कार्यक्रम किया ।

होली के अवसर पर विभाग संगठन मंत्री मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि यह त्यौहार रंगों का त्यौहार है और इस अवसर पर हमें पुष्पों की होली खेलने की आवश्यकता है। पुष्प के द्वारा एक दूसरे को पुष्प दे कर लोगों को सम्मान बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आज की नारी कमजोर नहीं है शक्तिशाली है और यह नारी फूल नहीं चिंगारी है। हमें सजक होकर महिलाओं को एक सूत्र में बध्द होकर इस त्यौहार को मनाने की आवश्यकता है और एक दूसरे को अच्छे संदेश देने की आवश्यकता है। ताकि समाज में अच्छे भाव निर्माण हो समाज अच्छे भाव निर्माण होने से समाज सशक्त होगा और महिलाएं सशक्त होगी। सजक महिलाएं होने से हमारा देश सशक्त होगा। हमें जागने की और जागने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि आसुरी शक्तियां जो है चारों तरफ फैली हुई है उसे निरस्त कर सकते हैं तो अपने संगठन शक्ति के द्वारा अपने व्यवहार के द्वारा व्यवहार में हमें परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। सभी समाज के महिलाओं को एक सूत्र में लाने की आवश्यकता है ताकि बगल के गांव भी अछूता नहीं रहे। उस गांव से भी हमें संपर्क अच्छा बनाने की आवश्यकता है। अगर हम समाज के लोग संगठित हो जाएंगे तो समाज के साथ-साथ राष्ट्र का भी निर्माण होगा और नारियों में यह शक्ति है निर्माण की शक्ति है। उसे निर्माण के द्वारा इस समाज को परिवर्तन ला सकते हैं।

उन्होंने कहा कि भक्त पहलाद ने अपने द्वारा उन्होंने परिवर्तन करने का दिशा को आगे की ओर बढ़ाया। उन्हें आसुरी शक्ति के द्वारा उनको प्रताड़ित किया गया, लेकिन आगे चलकर भक्त प्रहलाद ने कहा कि भगवान कोई और है जो हमें देख रहा है। इसलिए यह त्योहार होली के रूप में आया।



उन्होंने कहा कि होलिका हिरण्यकश्यप की बहन थी। भक्त प्रहलाद को बहन को बोली कि तुम उसे गोद में लेकर अग्नि में बैठ जाओ जिससे प्रहलाद की मृत्यु हो जाएगी और तुम बच जाओगी। इस प्रकार से होलिका ने भक्त प्रहलाद को गोद में लेकर में अग्नि में प्रवेश करती है अग्नि प्रचलित होती है अग्नि प्रज्वलित होने के कारण होलिका का नाश होता है। वह अग्नि के कारण होलिका का दहन हो जाता है। इस समय से यह होली का त्योहार शुरू होता है या होली का त्यौहार यह हमे संदेश देता है की असुर शक्ति जो है उसे असुर शक्ति को नष्ट करने का यह दिन है और हमें भी इस प्रकार से जग करके समाज को एक नई दिशा देने का काम हम ही कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सेवा भारती का कार्य जन-जन और प्रत्येक गांव में सेवा भारती के माध्यम से महिलाओं में एक शक्ति और ऊजार्वान बनाने की आवश्यकता है। महिलाएं समाज को एक शक्ति के रूप में आगे की ओर बढ़ेगा। गांव के सभी महिलाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। कार्यक्रम में प्रखंड के संयोजक राज किशोर सिंह और अन्य लोग उपस्थित थे।

# किशोरी से ओझा ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

## बीमार के इलाज के लिए बुलाया गया था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में एक 57 वर्षीय ओझा पर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है। आरोपी ने बच्चे के इलाज के बहाने घर में रस्में करने के बाद उसकी 17 वर्षीय बड़ी बहन के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़िता की मां ने रविवार को अपने बीमार बेटे के इलाज के लिए ओझा को बुलाया। ओझा ने काले जादू और रस्मों से बच्चे का इलाज करने का दावा किया। इलाज के नाम पर ओझा ने शिकायतकर्ता मां और बीमार बच्चे को पास के तालाब में परिक्रमा करने और पूजा सामग्री विसर्जित करने के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, इस दौरान घर में 17 वर्षीय बड़ी बहन अकेली रह गई। ओझा ने इस दौरान उस पर जबरदस्ती की और दुष्कर्म किया। मां के लौटने पर पीड़िता ने पूरी घटना बताई, जिसके बाद परिवार ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (जगन्नाथपुर) रपाएल मुर्मू ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई और सोमवार को आरोपी ओझा को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ओझा 2014 में जगन्नाथपुर में ही एक दुष्कर्म मामले में जेल की सजा काट चुका है।

झारखंड के कई इलाकों में ओझाओं द्वारा काले जादू और टोटकों से बीमारियों का इलाज करना आम प्रथा है।

## संपादकीय

# जंग से तेल बाजार में तेजी, चिंता गहराई

रविवार को ईरान ने इजराइल और खाड़ी अरब देशों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। यह कदम सुप्रीम लीडर खामनोई की मौत के बाद 'जवाबी कार्रवाई' के रूप में बताया गया।दोहा, दुबई, अबू धाबी और मनामा में जोरदार धमाके सुनाई रहे थे कई जगह धुआं उठ रहा था। ईरान अब तेल टैंकरों को भी निशाना बना रहा है। दुनिया में तेल संकट गहरा सकता है।ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतें लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ छह महीने के उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध और बढ़ते तनाव ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है, जिससे तेल बाजार में तेजी देखने को मिल रही है।

20 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड करीब 72 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ट्रेड कर रहा है, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट लगभग 67 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। तेजी की सबसे बड़ी वजह इजरायल अमेरिका और ईरान के बीच जंग। मिडिल ईस्ट में अमेरिका की सैन्य तैनाती 2003 के इराक युद्ध के बाद सबसे बड़ी बताई जा रही था। सैटेलाइट तस्वीरों से संकेत मिले हैं कि ईरान भी अपनी रणनीतिक जगहों को मजबूत कर रहा था। जंग के चलते तेल सप्लाई बाधित होने का खतरा बढ़ गया है। विशेष रूप से होर्मुज स्ट्रेट पर निवेशकों की नजर है, क्योंकि दुनिया के लगभग एक-तिहाई तेल का परिवहन इसी मार्ग से होता है। यदि यहां किसी प्रकार का व्यवधान आता है, तो कीमतों में और तेज उछाल संभव है। अमेरिका में पिछले सप्ताह कच्चे तेल का भंडार लगभग 9 मिलियन बैरल घटा है, जो सितंबर के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। रिफाइंड प्रोडक्ट्स के स्टॉक में भी कमी आई है, जो मजबूत मांग का संकेत देता है। जंग केचलते 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। जंग का असर अब भारत के व्यापार पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। खासकर बासमती चावल और चाय के निर्यात को लेकर भारतीय कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है।ईरान भारत के बासमती चावल का सबसे बड़ा खरीदार देश है। युद्ध से पहले पिछले दो महीनों में ईरानी आयातकों ने भारत से बड़ी मात्रा में बासमती चावल के ऑर्डर दिए थे। मांग बढ़ने की वजह से घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमत लगभग 10 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गई थी। लेकिन संघर्ष शुरू होने के बाद भारत से ईरान को बासमती चावल की आपूर्ति लगभग ठप हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, भारत के कुल बासमती चावल निर्यात का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा ईरान को जाता है, जबकि करीब 20 प्रतिशत इराक को निर्यात होता है।

**इस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मुफ्त की चीजें देकर राज्य सरकारें लोगों की आदतें खराब कर रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि इन लोगों का रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कई राज्य सरकारें कर्ज और घाटे से दबी हुई हैं। इसके बावजूद वे मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओ त्से-तुंग ने कहा था कि किसी आदमी को एक मछली दो और तुम उसे एक दिन के लिए खिलाओगे। उसे मछली पकड़ना सिखाओ और तुम उसे ज़िंदगी भर खिलाओगे। आज के भारतीय शब्दों में यह है कि हर नेता जो मुफ्त चीजों का वादा करता है, असल में यह कह रहा है कि मैं तुम्हें एक अच्छी रोजी-रोटी और रेगुलर इनकम की इज्जत नहीं दे सकता। इसलिए अभी के लिए यह कुछ है, इसी से काम चला लो। चुनाव आते ही मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए राजनैतिक दलों में मुफ्त की रेवड़ी बाँटने की होड़ लग जाती है।**

# वोट के लिए मुफ्त की रेवड़ी से कर्जे के अंधकूप में देश

**(योगेंद्र योगी)**

कोई मुफ़्त बिजली और पानी देने की बात करता है तो कोई स्मार्टफ़ोन, लैपटॉप, साइकिल और टीवी की बात करता है।सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त सुविधाएं देने की संस्कृति की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश के आर्थिक विकास में बाधा डालने वाली ऐसी नीतियों पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक याचिका दायर कर उपभोक्ताओं की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को निःशुल्क बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, कोर्ट ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सरकार के नेतृत्व वाली बिजली वितरण कंपनी की मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखने वाली याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया है। बिजली वितरण कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट में विद्युत संशोधन नियम, 2024 के एक नियम को चुनौती दी थी।

इस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मुफ्त की चीजें देकर राज्य सरकारें लोगों की आदतें खराब कर रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि इन लोगों का रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कई राज्य सरकारें कर्ज और घाटे से दबी हुई हैं। इसके बावजूद वे मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने पूछा कि बिजली शुल्क अधिसूचित होने के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक जेब ढीली करने का फैसला क्यों किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा राज्यों को रोजगार के रास्ते खोलने के लिए काम करना चाहिए। अगर आप सुबह से शाम तक मुफ्त भोजन देना शुरू कर देंगे, फिर मुफ्त साइकिल, मुफ्त बिजली देंगे, तो कौन काम करेगा और फिर कार्य संस्कृति का क्या होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि वैलफेयर के तौर पर आप उन लोगों को देना चाहते हैं जो बिजली का चार्ज नहीं दे सकते, लेकिन जो लोग खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते, उनके बीच फर्क किए बिना, आप बांटना शुरू कर देते हैं। तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। इसमें अनुमान के मुताबिक, राज्य का कुल बकाया कर्ज बढ़कर 10.71 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इस बढ़ते कर्ज के लिए वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र तमिलनाडु में वित्तीय अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की मंजूरी नहीं दे रही है और केंद्र



प्रायोजित योजनाओं का फंड रोक रही है। उन्होंने जीएसटी दरों में कटौती और 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर भी निराशा जताई।

मंत्री थेन्नारसु के अनुसार संघीय ढांचे में राज्यों के साथ ऐसा अनुचित व्यवहार पहले कभी नहीं देखा गया। द्रमुक (डीएमके) सरकार ने अपनी फ्लैगशिप योजनाओं के लिए फंड की कमी नहीं होने दी। महिलाओं के लिए 'विदियाल पयानम' योजना (मुफ्त बस यात्रा) के लिए 4,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसके अलावा, छात्रों के लिए बस किराए की योजना हेतु 1,782 करोड़ रुपये और डीजल सब्सिडी के लिए 1,857 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर परिवहन विभाग को 13,062 करोड़ रुपये मिले। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए भी सरकार ने 5,463 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा अलग रखा है। तमिलनाडु में पिछले 4 वर्षों में प्रति परिवार कर्ज तेजी से बढ़कर लगभग 3.7 लाख रुपए तक पहुंच गया है, जो राज्य की गंभीर वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार तमिलनाडु पर देश में सर्वाधिक 8.34 लाख करोड़ रुपये कर्ज है। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है। इस पर 7.69 लाख करोड़ रुपये कर्जा है। इसी तरह महाराष्ट्र पर 7.22 लाख करोड़, पश्चिम बंगाल पर 6.58 लाख करोड़ रुपये, कर्नाटक पर 5.97 लाख करोड़ रुपये, राजस्थान पर 5.62 लाख करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश पर 4.85 करोड़ रुपये का कर्जा है। गुजरात पर 4.67 लाख करोड़ रुपये, केरल पर 4.29 लाख करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश पर 4.18 लाख करोड़ रुपये, तेलंगाना पर 3.89 लाख करोड़ रुपये, पंजाब पर 3.51 लाख करोड़ रुपये, हरियाणा पर 3.36 लाख करोड़ रुपये, बिहार पर 3.19 लाख करोड़ रुपये और असम पर 1.51 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। वर्ष 2016-17 के बाद कर्ज पर निर्भरता लगातार बढ़ती गई।वोट बैंक की राजनीतिक के कारण ऐसी लोकलुभावन मुफ्त की योजनाओं के कारण छोटा पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश डेब्ट ट्रैप में फंस गया है। आलम यह है कि हिमाचल सरकार के पास लिए गए कर्ज की मूल रकम व उस पर लगने वाले ब्याज को चुकाने के लिए भी पर्याप्त पैसा नहीं है। वहीं, कर्ज लेने की लिमिट सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए है। अगले वित्तीय वर्ष में कर्ज व ब्याज चुकाने के लिए 13 हजार करोड़ चाहिए। अब लोन को चुकाने के लिए मार्केट से कर्ज लेकर भी बात नहीं बन रही और तीन हजार करोड़ रुपए अपने बजट से चुकाने होंगे। सोलहवें फाइनेंस कमीशन की रिपोर्ट में हिमाचल सहित अन्य कुछ राज्यों की रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) खत्म कर दी है। इससे हिमाचल सरकार के खजाने पर भारी चोट लगी है। हिमाचल प्रदेश पर कुल देनदारियां 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं, जिससे यह पहाड़ी राज्य कर्ज लेने वाले भारतीय राज्यों में 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने स्टेट फाइनेंस रिपोर्ट (2025-26) में कहा है कि मुफ्त की ऐसी योजनाओं के चलते राज्यों के बजट पर दबाव बढ़ रहा है। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में बुनियादी ढांचे (सड़क, स्कूल, अस्पताल) पर खर्च कुल बजट का 10त्न से भी कम रह गया है। मुफ्त की रेवड़ी बांटने में कोई पीछे नहीं है। केंद्र में बतौर विपक्षी पार्टी आलोचना करने वाली कांग्रेस अपनी सत्ता वाले राज्यों में खुल कर रेवड़ियां बांटती रही है। उसी तरह केंद्र में खुल कर यह काम करने वाली भाजपा, राज्यों में कांग्रेस व अन्य पार्टियों का इसके लिए विरोध करती है। बीते नौ साल में प्रति व्यक्ति कर्ज तीन गुना बढ़ गया है। इसका एक बड़ा कारण केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा जनता को खुले आम रेवड़ियां बांटना भी है। देश में प्रति व्यक्ति कर्ज 1,86,206 रुपए हो जाने का अनुमान है। अहम बात यह है कि राजनीतिक दलों को यह भी बताना चाहिए कि इन मुफ्त की योजनाओं के लिए धन कहां से आएगा। अब हमारी फाइनेंशियल पॉलिटिक्स में ईमानदारी और जवाबदेही वापस लाने का समय आ गया है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# बरसाना की लठमार होली का अनोखा रहस्य, क्यों महिलाएं देसी घी खाकर पुरुषों पर बरसाती हैं लाठियां?

**(दिव्यांशी भदौरिया)**

बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली का एक अनोखा रहस्य नंदगांव से भेजे जाने वाले देसी घी से जुड़ा है, जिसे खाकर महिलाएं पुरुषों पर पूरी ताकत से लाठियां बरसाती हैं। यह परंपरा राधा-कृष्ण के प्रेम और उनकी लीलाओं का प्रतीक है, जो हर साल फाल्गुन मास में मथुरा में मनाई जाती है।

होली का त्योहार उत्साह और रंगों के लिए जाना जाता है। विश्वभर में ब्रज की होली सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। ब्रज की लठ्ठमार होली, फूलों की होली और लड्डुओं की होली काफी फेमस है। बरसाना की लठ्ठमार होली उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में मनाई जाने वाली पारंपरिक होली है, यह होली राधा रानी और भगवान कृष्ण के प्रेम और उनकी लीलाओं पर आधारित है। और यह होली का गाना सबको जरुर पसंद आएगा। होरी खेले तो आ जइयो,

### बरसाने रसिया

रंग भी लइयो गुलाल भी लइयो,
गोपी भी लइयो संग ग्वाल भी लइयो,
मन मिले तो आ जइयो,
बरसाने रसिया

फाल्गुन मास में बरसाना की रंगीली गली में होने वाले इस उत्सव में नंदगांव के पुरुष (हुरियारे)बरसाना की महिलाओं (हुरियारिनों) पर रंग डालते हैं और बदले में महिलाएं उन्हें हंसी-मजाक में लाठियों (लठा) से पीटती हैं,जिससे पुरुष अपनी ढाल से बचते हैं। बृज में कहते हैं न-

या होरी को का कोऊ जाने
होरी को रस रसिक ही जाने
मन में सदा के लिए अंकित

### कब से शुरू होगी लठामार होली

इस साल 26 फरवरी को बरसाना की नारियां नंद गांव के होरियारों के साथ लठमार होली खेली गई। बरसाने की इस अनोखी परंपरा को सही रूप में समझने के लिए राधा रानी के प्रति गहरी श्रद्धा और प्रेम को हृदय में स्थान देना आवश्यक है। बरसाना में राधा रानी, जिन्हें स्नेहपूर्वक 'लाड़ली जी' कहा जाता है जो कि विशेष और सर्वोपरि महत्व है, क्योंकि यही उनकी जन्मभूमि और उनकी दिव्य लीलाओं की पावन धरती मानी जाती है।

### फाल्गुन में भीगती प्रेम की डोर

गौरतलब है कि बरसाना की लठमार होली विश्वप्रसिद्ध है। बरसाना और नंदगांव के बीच प्रेम में सरोबार ऐसी डोर है जो हर फागुन में रसरगं में भीजती है और अपने भक्तों को उसी प्रेम में भिगोती है। शिवरात्रि के दिन से ही लाडली जी महल से ढप, मृदंग और झांझ की थाप पर ब्रजवासी भक्ति और प्रेम में डूबे हुए नाचते-गाते होली की गुहार लगाने लगते हैं।

होरी है भई होरी है,होरी है भई होरी है
लठामार बरसाना खेलूं राधा रानी से मैं बोलूं
लाया हूं नंद का लाल रसिया होरी में,
सुनले ओ नंद के लाल रसिया होरी में,
लाल गुलाल लगा दूं तोपे, फिर मैं बोलूं सीधे मुंह से
मैं तो मारूं पिचकारी धार रसिया होरी में नारी बनाई नचाई छोड़िहों

### होली खेलने का विशेष आमंत्रण भेजा जाता है

नंदगांव के पुरुषों को बरसाना की महिलाओं द्वारा होली खेलने के लिए न्योता भेजा जाता है। वहीं, टेसू और पलाश के फूलों से बने रंगों से होली खेली जाती है। कहा जाता है कि फागुन में नंदगांव से होरियारों की ओर से बरसाना की होरियारिनों के लिए देसी घी भेजा जाता है जिससे वे ताकत से उन पर लाठी बरसा सकें।

# छिड़ा महायुद्ध, खाड़ी क्षेत्र में मिसाइलों की गूंज, भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर भी संकट गहराया!

**(नीरज कुमार दुबे)**

**हमलों की पहली लहर में ही तेहरान के कई महत्वपूर्ण स्थलों पर विस्फोट हुए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के परिसर तथा राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के ठिकानों को निशाना बनाए जाने की खबरें सामने आईं। खामनेई समेत उनके परिवार और रक्षामंत्री की मौत हो चुकी है। पश्चिम एशिया में घटनाक्रम ने अचानक भीषण रूप ले लिया, जब अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर व्यापक सैन्य अभियान शुरू कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़े पैमाने पर युद्धक कार्रवाई की पुष्टि करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम बताया और कहा कि तेहरान को परमाणु हथियार क्षमता हासिल करने से रोकना अनिवार्य है। हम आपको बता दें कि हमलों की पहली लहर में तेहरान के कई महत्वपूर्ण स्थलों पर विस्फोट हुए।**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के परिसर तथा राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के ठिकानों को निशाना बनाया। हमलों के तुरंत बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल और क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। कतर की राजधानी दोहा और संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में विस्फोटों की आवाजें सुनी गई थी। बहरीन में अमेरिकी पांचवें बेड़े के सेवा केंद्र के निकट हमले की सूचना मिली, जिसके बाद जुफैर इलाके को खाली कराया गया। कुवैत ने अपनी सुरक्षा के अधिकार सुरक्षित रखने की बात कही, जबकि जॉर्डन ने दो मिसाइलें मार गिराने का दावा किया। वहीं इजराइल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। इस समय ईरान की ओर से इजराइल और अमेरिकी बेसों पर मिसाइल और ड्रोन हमले लगातार होने की खबरें सामने आ रही हैं जिनसे यूएई में एक व्यक्ति की मौत की खबर है जबकि अमेरिकी और इजराइली हमलों से ईरान को हुए नुकसान को देखें तो वह काफी व्यापक है।

हम आपको बता दें कि ईरान के दक्षिणी शहर मीनाब में एक विद्यालय पर हमले में 55 से ज्यादा छात्रों की मृत्यु की खबर ने हालात की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। तेहरान में आम नागरिकों में दहशत का माहौल है, उत्तर की ओर पलायन, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें और संचार बंद होने की आशंकाएं सामने आ रही हैं। इसके अलावा, इस संघर्ष का सबसे तात्कालिक प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर भी पड़ता दिख रहा है। हम आपको बता दें कि खाड़ी क्षेत्र विश्व तेल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है और होर्मुज जलडमरूमध्य इसकी धुरी है। यह संकरा समुद्री मार्ग ईरान और ओमान के बीच स्थित है और वैश्विक तेल तथा गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी से गुजरता है। यदि ईरान ने इसे अवरुद्ध किया या टैंकरों पर हमले बढ़ाए तो पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट गहरा सकता है। पहले ही कच्चे तेल के दाम सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुके थे। क्षेत्रीय युद्ध की स्थिति में कीमतें और उछल सकती हैं।

भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। भारत विश्व के बड़े तेल आयातकों में से एक है और अपनी आवश्यकता का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल का बड़ा भाग इसी जलडमरूमध्य से होकर आता है। कीमतों में एक डॉलर की भी वृद्धि से भारत के आयात बिल पर अरबों डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इससे महंगाई, चालू खाते का घाटा और रुपये पर दबाव बढ़ सकता है।

भारत की एक और बड़ी चिंता क्षेत्र में बसे लाखों भारतीय नागरिकों की सुरक्षा है। खाड़ी देशों में बड़ी भारतीय प्रवासी आबादी कार्यरत है। हवाई क्षेत्र बंद होने से उड़ानों पर असर पड़ा है। इंडिगो और एअर इंडिया एक्सप्रेस जैसी विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया की उड़ानें अस्थायी रूप से स्थगित कर दी हैं। इजराइल का हवाई क्षेत्र बंद होने से दिल्ली तेल अवीव उड़ान को वापस लौटना पड़ा। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है तो निकासी अभियान चलाना पड़ सकता है।

सामरिक दृष्टि से यह टकराव अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि अमेरिकी और इजराइली हमलों का उद्देश्य केवल परमाणु कार्यक्रम को रोकना न होकर शासन परिवर्तन की दिशा में है, तो यह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को पूरी तरह बदल सकता है। ईरान लंबे समय से लेबनान, सीरिया, इराक और यमन में अपने प्रभाव के जरिए शक्ति संतुलन बनाए हुए है। अब यदि वह सीधे अमेरिकी ठिकानों पर हमले कर रहा है तो यह छाया युद्ध से खुली जंग की ओर बढ़ने का संकेत है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जिन देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, यदि वे भी



प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शामिल हो जाएं तो क्या यह विश्व युद्ध जैसी स्थिति बन सकती है? खाड़ी के देश अब तक संतुलन साधने की कोशिश करते रहे हैं, परंतु यदि उनकी भूमि पर हमले जारी रहते हैं और वे सामूहिक प्रतिकार करते हैं, तो संघर्ष का दायरा तेजी से फैल सकता है। अमेरिका के साथ रक्षा समझौतों के कारण नाटो सहयोगी भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो सकते हैं। वहीं रूस ने हमलों की निंदा करते हुए इसे सशस्त्र आक्रमण बताया है। इस तरह यदि प्रमुख शक्तियां अलग अलग पक्षों में खुलकर उतरती हैं तो बहुध्रुवीय टकराव की आशंका बढ़ सकती है।

हालांकि तत्काल इसे विश्व युद्ध कहना जल्दबाजी होगी, परंतु ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री मार्गों और क्षेत्रीय गठबंधनों पर पड़ने वाला प्रभाव इसे वैश्विक संकट अवश्य बना सकता है। यदि कूटनीतिक प्रयास विफल रहते हैं और होर्मुज या बाब अल मंदेब जैसे मार्ग अवरुद्ध होते हैं, तो एशिया, यूरोप और अमेरिका सभी प्रभावित होंगे। देखा जाये तो इस समय भारत के सामने संतुलित कूटनीति, ऊर्जा आपूर्ति का विविधीकरण, सामरिक भंडार का उपयोग और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सबसे बड़ी प्राथमिकताएं हैं। पश्चिम एशिया की यह ज्वाला यदि फैलती है तो इसका धुआं पूरी दुनिया को प्रभावित करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली के करंट से बालक की मौत

**प्राणपुर/कटिहार (नबिटासं)।** प्राणपुर थाना क्षेत्र के धरहन पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव के चंचल शर्मा के दस वर्षीय पुत्र मनीष कुमार की बिजली की करंट लगने से उसकी मौत हो गयी है। मृतक बालक माता पिता का इकलौता पुत्र था। मृतक के परिजन ने बताया कि मोबाइल चार्ज करने के लिए इलेक्ट्रिक बोर्ड में तार जोड़ रहा था। तार जोड़ने के दौरान उसे बिजली का करंट लग गया।इस मौके पर ही उक्त बालक की मौत हो गया।मृतक बालक का पिता केरल मजदूरी करने गया है। मृतक के माता ममता देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।एकलौता पुत्र होने के कारण मृतक के माता का चीख पुकार से हर लोगो की आंखे नम हो गया है। होली त्योहार से एक दिन पहले घर मे मातम छा गया है।घटना को लेकर गांव में सन्नाटा छा गया है।घटना की सूचना स्वजनों द्वारा बिजली विभाग और अंचलाधिकारी को दिया गया है। विद्युत विभागीय अभियंता विजयकांत ठाकुर ने बताया कि करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। अंचलाधिकारी शिखा कुमारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### इफ्तार बनाते समय लगी आग, 12 घर जलकर राख, लाखों की संपत्ति नष्ट

**अमदाबाद/कटिहार (नबिटासं)।** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 5 में सोमवार की शाम इफ्तार की तैयारी के दौरान अचानक आग लग जाने से करीब आधा दर्जन परिवारों का 12 घर जलकर राख हो गए। घटना शाम करीब चार बजे की है। बताया जाता है कि एक घर में रोजा खोलने के लिए इफ्तार बनाया जा रहा था। तभी चूल्हे के पास अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया।आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।पीड़िता लैला खातून ने बताया कि वह इफ्तार बना रही थीं और चापाकल से पानी



लेने गई थीं, तभी अचानक आग लग गई। आग में घर में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर, बर्तन समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद तारिक ने बताया कि आयूब अंसारी की पत्नी इफ्तार बना रही थीं। तभी चूल्हे से निकली चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया। इस अग्निकांड में मोहम्मद इसराफिल अंसारी, शहजान अंसारी,शमशेर अंसारी,रिजवान अंसारी,आयूब अंसारी और ताहिर अंसारी सहित कई परिवारों का घर जल गया। मुख्य पार्षद बबलू मंडल एवं पार्षद प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवारों के बीच तत्काल राहत सामग्री एवं सहायता राशि मुहैया कराने की मांग की है। वही जानकारी देते हुएअंचल पदाधिकारी स्नेहा कुमारी ने कहा कि आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड भेजी गई थी। नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है।

### पटना में सजेगा भोजपुरी सिनेमा का महोत्सव

**पटना (नबिटासं)।** भोजपुरी सिनेमा के प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो का आयोजन 15 मार्च को सायं 6 बजे से बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में किया जाएगा। यह समारोह भोजपुरी फिल्म उद्योग के लिए एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सिनेमा जगत की नामचीन हस्तियां शिरकत करेंगी। इस संबंध में पटना स्थित आई.एम. ए. हाल में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए दिल्ली प्रेस में सरस सलिल के इंचार्ज भानु प्रकाश राणा ने बताया कि यह अवॉर्ड शो अब बिहार की राजधानी पटना में हो रहा है, जो एक नए अध्याय की शुरूआत है. इस बार इसे और भव्य और बड़े स्तर पर किया जाएगा और दर्शकों के लिए यह मनोरंजन का शानदार अनुभव रहेगा। भानु प्रकाश राणा ने बताया कि इस अवॉर्ड शो में नामांकित फिल्मों और कलाकारों को जूरी द्वारा चयनित कर विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टार नाइट मुख्य आकर्षण रहेंगे। डिजिटल युग के साथ बदला अवॉर्ड शो का स्वरूप भोजपुरी सिनेमा में अपनी जबरदस्त कॉमेडी के जरिए हंसाने वाले अभिनेता रोहित सिंह मटरू ने बताया इस वर्ष के आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसका परिवर्तित फॉर्मेट है। बदलते समय और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार को ध्यान में रखते हुए इस बार अवॉर्ड शो को तीन प्रमुख वर्गों में बांटा गया है। सिनेमा (थिएटर रिलीज फिल्में), ओटीटी प्लेटफॉर्म और यूट्यूब/टीवी कंटेंट के आधार पर बेस्ट अवॉर्ड्स दिए जाएंगे।

### बीएम वेंचर में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह



# पोठिया थाना में होली को लेकर निकला फ्लैग मार्च

## असामाजिक तत्वों, शराब के अवैध कारोबार और हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समेली (कटिहार)।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पोठिया थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। वही फ्लैग मार्च का नेतृत्व पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने किया। इस दौरान अपर थाना अध्यक्ष अमित कुमार, एसआई निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, एसआई हितेश कुमार,एसआई डोली कुमारी सहित बिहार पुलिस के जवान एवं चौकीदार मौजूद रहे। जबकि समेली प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, अंचलाधिकारी प्रिय रंजन कुमार मौजूद रहे।

होली त्योहार को सफल और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से निकाले गए इस फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने आम लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च पोठिया थाना क्षेत्र के समेली प्रखंड अंतर्गत पोठिया बाजार, भंगहा, चांदपुर चौक, समेली, चांदनी चौक विष्णुचक, चकला मौलानगर, खैरा, छोहार, डूमर, बकिया, मलहरिया सहित विभिन्न गांव-टोला और मोहल्लों में किया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान असामाजिक तत्वों, शराब के अवैध कारोबार और हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष गश्ती एवं निगरानी की व्यवस्था की गई है। पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाना को दें, ताकि होली का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा सके।

# अवैध दुकानों को हटाकर सड़क को कराया गया अतिक्रमणमुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत एनएच 31 सड़क बुद्धनगर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर अवैध रूप से अवस्थित 44 दुकानों को प्रशासन ने उजाड़ कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान प्रशासन ने अवैध रुप से बनाये गये 44 कच्चे एवं पक्के मकान रूपी दुकान को बुलडोजर से हटाकर सड़क को खाली करा दिया।अतिक्रमण मुक्त कराया गया। सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर दंडाधिकारी सहित भारी संख्या में महिला एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।



प्राणपुर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो एवं अंचलाधिकारी शिखा कुमारी के नेतृत्व में सूझबूझ के साथ अतिक्रमण हटाने का कार्य आरंभ किया गया। जिसका भाकपा माले नेता पप्पू कुमार राय ने खुलकर विरोध करते हुए सड़क जाम करने का भी प्रयास किया। पुलिस ने बड़ी चालाकी से भाकपा माले नेता को घटनास्थल से उठाकर प्राणपुर थाना ले गई। माहौल को शांत करते हुए पुनः अतिक्रमण हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हुआ और दुकानों को बुलडोजर से हटा दिया गया।इस दौरान दुकानदार अपने-अपने सामानों को बचाने का हरसंभव प्रयास करते गये देखे गये। थानाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अभिकरण के कार्यपालक अभियंता बिनोद कुमार द्वारा जिला पदाधिकारी को अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया था। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने के लिए दंडाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। हलांकि अतिक्रमणमुक्त कराने के दौरान भाकपा माले नेता द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए माले नेता को गिरफ्तार कर थाना लाया गया तथा अतिक्रमण कार्य पूरा कर लिया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी अतिक्रमण मुक्त कराये जाने पर आक्रोश व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि इसका खामियाजा जनप्रतिनिधियों को आगामी पंचायत चुनाव में भुगतना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि इससे दुकानदारों के रोजी-रोटी पर बुरा असर पड़ने वाला है।वहीं अतिक्रमण हटाने जाने से बुधनगर चौक पर वीरानी छा गई है। गजेंद्र सिंह, अजीत मंडल, रमेश मंडल, सुरेंद्र उरांव आदि ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन एवं मध्य विद्यालय बुधनगर के बीच सड़क के दोनों तरफ के अवैध अतिक्रमण को हटा कर खाली करा दिया गया है।

# विद्यार्थी परिषद ने मनाया होली मिलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटिहार इकाई की प्रांत सह मंत्री विनय सिंह के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया किया गया । कार्यकताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द, एकता तथा सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने का संदेश दिया। होली का पर्व सामाजिक समरसता, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद बढ़ता है और महाविद्यालय का वातावरण और अधिक सौहार्दपूर्ण बनता है।



परिषद सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहती है।कार्यक्रम का समापन सामूहिक होली मिलन और आपसी शुभकामनाओं के साथ हर्षोल्लास के माहौल में हुआ। इस मौके पर प्रांत सह मंत्री विनय सिंह, विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, आशीष झा, विनय कुमार पांडे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल ठाकुर, नीरज श्रीवास्तव, सत्यम कुमार, जिला संयोजक रोहन प्रसाद, नगर मंत्री राजा यादव, नगर सह मंत्री रवि सिंह, अमित गुप्ता, मोनू यादव, विशाल सिंह, मो हैदर, ध्रुव झा, जय कुमार, सचिन कुमार, अभिनव कुमार, जितेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### होली को लेकर डंडखोरा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** होली पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर डंडखोरा पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया।इस दौरान थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस थाना क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर स्थानीय लोगों से मिलकर भाइचारे के साथ होली पर्व मनाने और पर्व की आड़ में शराब या अन्य मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने की अपील करती नजर आई। वहीं स्पष्ट संदेश दिया कि उत्पात मचाने या सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। फ्लैग मार्च में एसआई रीतेश कुमार, अरबिंद कुमार, एएसआई सुमन कुमार, राहुल कुमार, संजीत कुमार सहित पुलिस बल एवं ग्रामीण पुलिस शामिल रहे।

# पर्यटन विभाग के सचिव को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)** । बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर के कमेटी सदस्यों ने सचिन पिंटू यादव के द्वारा बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के सचिव उदयन मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में शिव भक्तों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा है कि यह राज्य का प्राचीनतम एवं ख्याति प्राप्त धर्मस्थल है। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा यहां पर्यटकीय संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। जिस से इस मंदिर के श्रद्धालुओं को काफी सुविधा प्राप्त होगी। लेकिन अभी भी कुछ मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां सालों भर विवाह का कार्यक्रम होता है। मंदिर परिसर में विवाह भवन नहीं होने से लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।



विवाह भवन की मांग की है।बाबा गोरखनाथ धाम के शिव लिंग में सुरक्षित जलाभिषेक एवं दर्शन हेतु रैलिंग का निर्माण की मांग,बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में मुख्यमंत्री से लेकर न्यायधीश, उच्च पदस्थ पदाधिकारी, मंत्री आदि को आवागमन होता रहता है। ऐसे में अति विशिष्ट व्यक्तियों के सुरक्षित ठहराव हेतु यहां अतिथि शाला की आवश्यकता है।

# भूमि विवाद में एक एकड़ में लगी फसल क्षतिग्रस्त

## मामले को लेकर स्थानीय थाना में दिया गया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के कुड़िया गांव में फसल क्षति एवं जमीन से बेदखल को लेकर बरारी थाना में एक महिला किसान अहिल्या देवी ने एक आवेदन दिया है।दिए गए आवेदन में किसान अहिल्या देवी ने आरोप लगाते हुए अजीत कुमार, सुजीत कुमार, रामचन्द्र यादव, दीपक कुमार, रोहित कुमार, शिव शंकर राय एवं सुरेंद्र कुमार को नामजद किया है, और दिए गए आवेदन में बताया है कि खेत मे लगे मक्के को उपद्रवियों के द्वारा काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही बरारी थाना को इसकी सूचना



दी गई। जिसके बाद बरारी थाना के एसआई सज्जन कुमार दलबल के साथ पहुँच कर मामला का जायजा लिया।

इस दौरान बरारी पुलिस ने पीड़िता को आश्वासन दिया कि मामले की तफ्तीश कर उचित कारवाही कि जाएगी। इधर पीड़ित किसान अहिल्या देवी ने यह भी बताया कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है।उक्त जमीन मेरे ससुर स्व०मोतीलाल यादव के नाम से सिकमी रैयती खतयानी जमीन है। इधर दूसरी ओर विपक्षी अजीत कुमार ने बताया कि उक्त जमीन मेरे और मेरे परिवार वालों के ने जमीन मालिक नन्दलाल यादव से खरीद की है। हमलोगों के ऊपर फसल क्षति काटने का बेबुनियाद आरोप लगाया है। यह जमीन पूर्व में सिकमी जमीन थी। जो कि सिकमीदार के मरने के बाद जबरन मोतीलाल यादव के वंशजों के द्वारा कब्जा कर लिया गया।भूमि विवाद को लेकर अंचलाधिकारी बरारी को आवेदन दिया गया है। इस संबंध में बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि मक्का फसल क्षतिग्रस्त को लेकर अहिल्या देवी की ओर से आवेदन दिया गया है। घटना की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# 8 मार्च को महिला सशक्तिकरण की गूंज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** आगामी 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर कोशी संगम संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रभावशाली नाटक चिन्नी मत हो उदास का भव्य मंचन किया जाएगा। नाटक का रिहर्सल अपने अंतिम चरण में है और सभी कलाकार पूरे उत्साह, ऊर्जा एवं समर्पण के साथ प्रस्तुति को यादगार बनाने में जुटे हुए हैं। यह नाटक समाज में महिलाओं के आत्मबल, संघर्ष, आत्मनिर्भरता और सम्मान के संदेश को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा।

संस्था का उद्देश्य कला के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाना तथा महिला सशक्तिकरण के विचार को जन-जन तक पहुंचाना है। नाटक के लेखक रवि



मुकुल एवं निर्देशक आलोक कुमार हैं। जिनके कुशल मार्गदर्शन में कलाकार अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। एक दर्जन से अधिक कलाकार इस प्रस्तुति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य कलाकारों में सोनम शर्मा, गुलशन कुमार सिंह, अभिनव पाल, आलोक कुमार, अंजली कुमारी, विकास कुमार, श्रुति कुमारी झा, आकाशदीप, नंदकिशोर एवं कौशिक कर प्रमुख रूप से शामिल हैं। तकनीकी पक्ष को भी विशेष रूप से सशक्त बनाया गया है। बैकग्राउंड म्यूजिक की जिम्मेदारी कुमार सत्यम संभाल रहे हैं। जबकि लाइटिंग की व्यवस्था मनीष कुमार के निर्देशन में की जा रही है। मेकअप का कार्य कौशिक कर एवं अंजली कुमारी द्वारा किया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह नाटक केवल एक प्रस्तुति नहीं। बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का एक सशक्त प्रयास है, जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर आयोजित यह नाट्य प्रस्तुति दर्शकों के लिए प्रेरणादायक और भावनात्मक अनुभव साबित होगी।

# नेशनल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दिखाई तकनीकी प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** नेशनल पब्लिक स्कूल मनिहारी में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने अपनी खोजपरक जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न तकनीकी आधारित मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को आकर्षित किया। किसी ने सौर ऊर्जा पर आधारित मॉडल तैयार किया तो किसी ने जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और स्मार्ट सिटी से जुड़े अभिनव प्रयोगों को प्रदर्शित किया।

विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए विद्यालय के ट्रस्टी रामेश्वर पांडेय रमण ने



कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी बच्चों में आत्मविश्वास और नवाचार की भावना को बढ़ावा देती है। वहीं प्राचार्य बोध कुमार सिंह ने छात्रों को निरंतर प्रयोग और शोध की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डा.ओम प्रकाश पाडे,डा. सुरेश चन्द्र सरस सहित विद्यालय परिवार के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। प्रदर्शनी ने यह साबित कर दिया कि मनिहारी के छात्र विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# होली मिशन प्राइमरी स्कूल का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** होली मिशन स्कूल श्रीकृष्णापुरी के ब्रांच के रूप में होली मिशन प्राइमरी स्कूल का उद्घाटन पटेल नगर , रोड नंबर 10 में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि इस विद्यालय में भी श्री कृष्ण पूरी की तरह उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जाएगी । यहाँ स्पोकन इंग्लिश का क्लास फ्री में उपलब्ध होगा । जिससे इस विद्यालय में एडमिशन लेने वाले बच्चे एडमिशन लेने के 6 महीना के अंदर धारा प्रवाह अंग्रेजी बोल सकेंगे ।

यहाँ पर फ्री में ट्यूटोरियल भी कराया




जाएगा जिससे बच्चे अपने कमजोर विषय में मजबूती पा सके और इस प्रकार बच्चों को कोई प्राइवेट ट्यूशन की जरूरत नहीं पड़े । विद्यालय के उद्घाटन के अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो कि भारी संख्या में आए अभिभावकों का मन मोह लिया । बहुत सारे अभिभावकों ने तो आज ही अपने बच्चों का एडमिशन भी करा लिया। अंत में अभिभावकों को धन्यवाद करते हुए विद्यालय के चेयरमैन ने कहा कि जो अभिभावक अगले कुछ दिनों के अंदर एडमिशन लेते हैं, तो एडमिशन फीस और मंथली फीस पर विशेष छूट दिया जाएगा ।

# होलिका दहन समिति की ओर किया गया स्तंभ रोपण पूजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** बड़ा बाजार हाट होलिका दहन समिति की ओर से 2 मार्च 2026 सोमवार को दिन के 10:30 बजे पूरे विधि विधान के साथ स्तंभ रोपण की गयी। आचार्य पंडितो द्वारा विधि विधान से पुजा कराई गयी । समिति के संयोजक राजकुमार मुरारका ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

कार्यक्रम में मेयर उषा देवी अग्रवाल विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, पूर्व शिक्षा मंत्री डॉक्टर रामप्रकाश महतो सहित समाज के सभी प्रतिष्ठित लोग उपस्थित हुए। मध्य रात्रि को 12:35 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम





किया जाएगा । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर निगम द्वारा पूरी साफ सफाई की सुंदर व्यवस्था की गई। जिला प्रशासन द्वारा महिला पुलिस एवं पुरुष पुलिस की व्यवस्था बहुत ही अच्छी ढंग से की गई। कार्यक्रम में विश्वनाथ मुकीम अनिल चमरिया, उपमेयर मंजूर खान, विमल सिंह बेगानी, मनोज रुंगटा, किशन बजाज उर्फ. बुल्ली, राजु माँझी, गौरव कश्यप, गोपाल सुल्तानिया, राहुल मुरारका, चीकू मुकीम, चंचल सुल्तानिया, टप्पू चौधरी, पिंटू सुल्तानिया, आकाश अग्रवाल, प्रकाश तंबाकूवाला, संजीव माहेश्वरी, बासुकी यादव, शिव प्रकाश गारोदिया, शिवु मित्रुका, आलोक भोपालका, निखिल भोपालका आदि मौजूद रहे।

# कॉलेज ड्रॉपआउट ने चौंकाया, 18 की उम्र में शुरू किया काम, दो साल में 5.28 करोड़ का बिजनेस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वंशिका मित्तल ने अपनी बिजनेस स्किल्स से सबको चौंकाया है। वह लुधियाना की रहने वाली हैं। सिर्फ 18 साल की उम्र में उन्होंने कारोबार की दुनिया में कदम रख दिए थे। 2024 में फ्लोरियल की शुरुआत के साथ ऐसा हुआ था। फ्लोरियल लुधियाना का गिफ्टिंग ब्रांड है। यह लंबे समय तक चलने वाले क्रोशिया फूलों के गुलदस्ते और हाथ से बने गिफ्टिंग प्रोडक्ट बेचता है। इनकी बिक्री खासतौर से ब्लिंकिट और ब्रांड की अपनी वेबसाइट के जरिए होती है। दो साल में इसने 5.28 करोड़ का बिजनेस किया है। आइए, यहां वंशिका मित्तल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। वंशिका मित्तल एक बिजनेस फैमिली से आती हैं। उनके माता-पिता लुधियाना में वीजा कंसल्टेंसी चलाते हैं। उन्हें यही काम करते देखते-देखते वह बड़ी हुईं। वंशिका ने 2023 में पीसीएम (फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स) से अपनी स्कूलिंग पूरी की। उसी साल उन्हें पटियाला की थापर यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में बीटेक के लिए एडमिशन का ऑफर मिला। वह कोर्स में शामिल



होना चाहती थीं। उन्हें लगता था कि उनके होमटाउन में ज्यादा अच्छे एकेडमिक इंस्टिट्यूशन नहीं थे। हालांकि, उनके माता-पिता चाहते थे कि वह लुधियाना में ही रहें। वहीं, अपनी पढ़ाई पूरी करें ताकि वह उनके साथ रह सकें। हालात को देखते हुए उन्होंने ऑफर मना कर दिया। इसके बजाय 2023 में लुधियाना के श्री अरबिंदो कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट में बीबीए प्रोग्राम में एडमिशन ले लिया।

**ऐसे मिला आइडिया:** घर पर वंशिका अक्सर अपनी दादी को स्वेटर और टेबल मैट क्रोशिया करते हुए देखती थीं। बचपन में भी वह सोचती थीं कि ये सुंदर, हाथ से बनी चीजें कभी बिकती क्यों नहीं हैं। वह सोचती थीं कि अगर कोई चीज इतनी मेहनत और समय से बनती है तो उससे पैसे भी तो मिलने चाहिए। सालों बाद यह आइडिया तब और साफ हुआ जब कॉलेज के एक दोस्त ने उनसे अपनी गर्लफ्रेंड के लिए फूलों का गुलदस्ता बनाने के लिए कहा। कुछ दिनों में सूखने वाले असली फूलों का इस्तेमाल करने के बजाय वंशिका ने क्रोशिया से गुलदस्ता बनाने की कोशिश करने का फैसला किया। अपना पहला गुलदस्ता बनाने के लिए वंशिका ने अपनी पॉकेट मनी धागे और बेसिक पैकेजिंग मटीरियल पर लगाए। उस गुलदस्ते को लगभग 800 रुपये में बेचा।

## 18 की उम्र में शुरू किया वेंचर

साल 2024 में वंशिका ने अपना वेंचर शुरू करने का फैसला किया। इसका नाम फ्लोरियल रखा। तब उनकी उम्र सिर्फ 18 साल थी। उन्होंने अपने वेंचर पर फोकस करना शुरू किया तो उन्हें 75 प्रतिशत अटेंडेंस की सख्त जरूरत के कारण कॉलेज और बिजनेस दोनों को मैनेज करना मुश्किल लगा। आखिरकार, उन्होंने पढ़ाई छोड़ने और खुद को पूरी तरह से अपना ब्रांड बनाने में लगाने का फैसला किया। बिजनेस ऑटोमेटेड होने के बाद उन्होंने डिस्टेंस एजुकेशन मोड में बीबीए शुरू कर दिया। वंशिका मित्तल का फ्लोरियल लुधियाना का गिफ्टिंग ब्रांड है। यह लंबे समय तक चलने वाले क्रोशिया फूलों के गुलदस्ते और हाथ से बने गिफ्टिंग प्रोडक्ट बेचता है। इन्हें ब्लिंकिट और अपनी वेबसाइट से बेचा जाता है। ब्रांड ने अपने पहले साल में 1.28 करोड़ कमाए। दूसरे साल में अब तक 4 करोड़ का रेवेन्यू हासिल कर लिया है। इस साल के आखिर तक पहुंचने का अनुमान है।

## एयरलाइन और टूरिज्म शेयरों में भारी गिरावट, 8 देशों ने बंद किया एयरस्पेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान संकट के कारण आज एयरलाइन और टूरिज्म कंपनियों के शेयरों में 14 फीसदी तक गिरावट आई। पश्चिम एशिया में कम से कम 8 देशों ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इससे फ्लाइट ऑपरेशंस बाधित हुआ है और विमानों को लंबा रूट लेना पड़ रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के शेयरों में बीएसई पर 7.5 फीसदी गिरावट आई और यह 4,461 रुपये तक फिसल गया। इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर 4,272 रुपये है। इसी तरह स्पाइसजेट का शेयर तीन फीसदी से ज्यादा



गिरावट के साथ 14.91 रुपये पर आ गया। के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 13.5 प्रतिशत गिरावट आई और यह 147 रुपये पर आ गया। शेयर की कीमत भी 9 प्रतिशत गिरावट के साथ दिन के न्यूनतम स्तर 7.81 रुपये पर आ गई। इंडिगो ने पश्चिम एशिया के देशों के लिए अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद दुबई, अबु धाबी और दोहा के एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं या उनमें विमानों आवाजाही सीमित कर दी गई है। दुबई दुनिया का सबसे व्यस्त इंटरनेशनल एयरपोर्ट हब है। ईरान के हमले में दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को नुकसान हुआ है।

## पश्चिम एशिया में हमलों के बाद तेल कीमतों में तेज उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को झकझोर दिया है। अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर हमलों तथा उसके जवाबी हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। बाजार खुलते ही ट्रेडर्स ने आशंका जताई कि क्षेत्र से तेल आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिससे कीमतों में और तेजी आ सकती है। 8 प्रतिशत तक चढ़ा अमेरिकी कच्चा तेल अमेरिका में उत्पादित हल्का और मीठा कच्चा तेल वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट लगभग 72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो शुक्रवार के 67 डॉलर के स्तर से करीब 8 प्रतिशत अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हालात और बिगड़े तो यह उछाल जारी रह सकता है। पश्चिम एशिया के तनाव का सबसे बड़ा असर होर्मुज जलडमरूमध्य पर दिख रहा है। यह संकरा समुद्री मार्ग फारस की खाड़ी का प्रवेश द्वार है, जहां से प्रतिदिन लगभग 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल गुजरता है। यह वैश्विक तेल आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा है। इस मार्ग से सऊदी अरब, कुवैत, इराक, कतर, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान का तेल और गैस विश्व बाजार तक पहुंचता है। हाल ही में इस मार्ग से गुजर रहे दो जहाजों पर हमले की खबर ने चिंता और बढ़ा दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि इस जलमार्ग में आवाजाही सीमित होती है तो कई देशों की निर्यात क्षमता प्रभावित होगी, जिससे वैश्विक स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि तय मानी जा रही है। तनाव के बीच राहत देने की कोशिश में ओपीईसी+ समूह के आठ देशों ने कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने की घोषणा की है। अप्रैल से 2,06,000 बैरल प्रतिदिन अतिरिक्त उत्पादन किया जाएगा। उत्पादन बढ़ाने वाले देशों में सऊदी अरब, रूस, इराक, यूएई, कुवैत, कजाखस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं। हालांकि ऊर्जा विश्लेषकों का कहना है कि केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा, जब तक निर्यात मार्ग पूरी तरह सुरक्षित न हो जाएं। ईरान प्रतिदिन करीब 16 लाख बैरल तेल निर्यात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा चीन को जाता है। यदि निर्यात बाधित होता है तो चीन जैसे बड़े आयातक देशों को वैकल्पिक स्रोत तलाशने पड़ सकते हैं।

# फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 8 प्रतिशत बढ़ा, 1.83 लाख करोड़ रहा कलेक्शन

**इससे पहले जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.71 लाख करोड़ रुपए रहा है**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन फरवरी 2026 में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत से बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि बीते वर्ष समान अवधि में 1.69 लाख करोड़ रुपए था। यह जानकारी सरकार की ओर से रविवार को दी गई। इससे पहले जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.71 लाख करोड़ रुपए रहा है।




वित्त वर्ष 26 की शुरुआत से लेकर अब तक (अप्रैल 2025- फरवरी 2026 तक) जीएसटी कलेक्शन 20,27,033 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले साल समान अवधि में जीएसटी कलेक्शन 18,71,670 करोड़ रुपए था।

फरवरी के जीएसटी कलेक्शन में सेंट्रल जीएसटी (सीजीएसटी) 37,473 करोड़ रुपए रहा है, जबकि स्टेट जीएसटी (एसजीएसटी) 45,900 करोड़ रुपए रहा है। वहीं, इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) 1,00,236 करोड़ रुपए था। फरवरी में सरकार ने 22,595 करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया है। इसमें सालाना आधार 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

अगर रिफंड को घटा दिया जाए तो फरवरी में शुद्ध जीएसटी कलेक्शन 1.61 लाख करोड़ रुपए हो जाता है। इसमें सालाना आधार पर 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 1,49,278 करोड़ रुपए था।

वहीं, फरवरी 2026 में सरकार का सेस कलेक्शन 5,063 करोड़ रुपए रहा है। सेस में सालाना आधार पर बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इसकी वजह सरकार द्वारा सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 को लागू करना था, जिससे तहत अधिकतर सामानों पर सेस को हटा दिया गया था और जीएसटी के टैक्स स्लैब को चार (28 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 12 प्रतिशत और 5 प्रतिशत) से घटाकर (18 प्रतिशत और 5 प्रतिशत) कर दिया था।

फरवरी में महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक में सबसे अधिक जीएसटी कलेक्शन दर्ज किया गया। इसके बाद हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पश्चिम बंगाल का नाम शामिल था। वहीं, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लद्दाख, मिजोरम, नागालैंड और मणिपुर उन राज्यों में शामिल थे जहां सबसे कम जीएसटी संग्रह हुआ।

**चार महीने की हुई सबसे तेज गति**

# फरवरी में चार महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा भारत का पीएमआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फरवरी में भारत की मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि मजबूत रही और पीएमआई बढ़कर 56.9 पर चार महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसे मजबूत घरेलू मांग और नए ऑर्डरों का सहारा मिला। हालांकि, नए निर्यात ऑर्डरों की वृद्धि 17 महीनों के सबसे धीमे स्तर पर रही। फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार और मजबूत हुई है। एचएसबीसी के सर्वे के अनुसार मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स जनवरी के 55.4 से बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर 56.9 पर पहुंच गया। यह स्तर सेक्टर की सेहत में स्पष्ट सुधार और निरंतर विस्तार का संकेत देता है। उत्पादन भी चार महीने की सबसे तेज गति से बढ़ा और दीर्घकालिक औसत से ऊपर रहा। पैनल सदस्यों के मुताबिक दक्षता में सुधार, मजबूत मांग, नए काम के बढ़ते ऑर्डर और तकनीकी निवेश ने उत्पादन वॉल्यूम को सहारा दिया। बढ़ते कार्यभार के बीच कंपनियों ने कच्चे माल की खरीद बढ़ाई, इन्वेंट्री में इजाफा किया और अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती



की, जो मांग की निरंतरता को लेकर भरोसा दर्शाता है। हालांकि, निर्यात ऑर्डरों की वृद्धि में नरमी देखी गई। फरवरी में बाहरी मांग में विस्तार 17 महीनों के सबसे धीमे स्तर पर रहा, जो दीर्घकालिक औसत के करीब रहा। जहां निर्यात बिक्री बढ़ी, वहां कंपनियों ने एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका से मांग का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार एक क्षेत्र जहां वृद्धि में कमी आई, वह नए निर्यात ऑर्डर रहे, जिनमें फरवरी में बढ़ोतरी 17 महीनों की सबसे धीमी रही। इसके बावजूद समग्र परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। आने वाले एक साल के लिए उत्पादन को लेकर कंपनियां आशावादी दिखीं, जहां 16 प्रतिशत कंपनियों ने वृद्धि का अनुमान जताया, जबकि 1 प्रतिशत से भी कम ने गिरावट की आशंका जताई। कुल मिलाकर, फरवरी के पीएमआई आंकड़े संकेत देते हैं कि मजबूत घरेलू मांग विनिर्माण गतिविधियों को सहारा दे रही है।

# अनुशासित निवेश के लिए एसआईपी का ढेर नहीं

**संतुलित पोर्टफोलियो बनाना जरूरी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा के रहने वाले आशीष ने नई नौकरी लगते ही म्यूचुअल फंड में निवेश शुरू कर दिया। आशीष ने एक या दो नहीं, बल्कि `2,000 की 12 अलग-अलग म्यूचुअल फंड एसआईपी शुरू कर दीं। उन्हें लगा कि उन्होंने एक बड़ा पोर्टफोलियो बना लिया है और उन्होंने सोचा कि जितने ज्यादा फंड होंगे, उतना ही ज्यादा विविधीकरण होगा और उतना ही ज्यादा पैसा बनेगा। आशीष जैसे कई लोग एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अनुसार, 2025 की शुरुआत में एसआईपी के माध्यम से मासिक निवेश 26,400 करोड़ रुपये था, जो जनवरी 2026 तक 31,002 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, हकीकत यह है कि आशीष का पोर्टफोलियो संतुलित नहीं है, बल्कि यह पोर्टफोलियो ओवरलैपिंग का शिकार है। आशीष के 12 फंडों में से 10 ने रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस के शेयर खरीद रखे हैं। यह निवेश नहीं है, इसे ओवर-डाइवर्सिफिकेशन कहा जाता है। अगर रिलायंस का शेयर गिरता है, तो आशीष के सभी 12 फंड एक साथ नीचे आएंगे। जब 2025 में बाजार में उतार-चढ़ाव आया तो उन लोगों के पोर्टफोलियो सबसे ज्यादा गिरे जिन्होंने केवल स्मॉल-कैप में निवेश किया था। जब बाजार चढ़ता है, तो हर कोई विजेता दिखता है, लेकिन असली निवेशक वही है जिसका पोर्टफोलियो गिरावट के दौरान कम गिरे। पिछले एक साल में एसआईपी इनफ्लो में लगातार बढ़ोतरी निवेशकों की बदलती सोच को दर्शाती है। साल भर में लगभग 17त्न की कुल वृद्धि के साथ, यह स्पष्ट है कि अधिक लोग शॉर्ट-टर्म मार्केट



टाइमिंग के बजाय अनुशासित, लॉन्ग-टर्म निवेश को चुन रहे हैं। यह रुझान बढ़ती जागरूकता, वित्तीय आत्मविश्वास और संपत्ति बनाने के एक भरोसेमंद उपकरण के रूप में एसआईपी पर भरोसे को उजागर करता है। निवेशक महसूस कर रहे हैं कि मार्केट टाइमिंग से ज्यादा निरंतरता मायने रखती है। जैसे-जैसे भागीदारी बढ़ रही है, धैर्य, अनुशासन और कंपाउंडिंग की ताकत से लैस एसआईपी वित्तीय लक्ष्यों को पाने का पसंदीदा रास्ता बनते जा रहे हैं।

## ईरान इजरायल युद्ध के चक्कर में पिस रहा है दुबई का रियल एस्टेट

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिका, इजरायल और ईरान के युद्ध के बीच दुबई का रियल एस्टेट सेक्टर (दुबई रियल एस्टेट) पिसने लगा है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस की एक खबर का कहना है कि यदि ऐसा ही चलता रहा तो दुबई प्रॉपर्टी मार्केट का बुल रन समाप्त हो सकता है। यह खबर दुबई के रियल एस्टेट ब्रोकर्स और डेवलपर्स से हुई बातचीत के आधार पर तैयार की गई है। दुबई के रियल एस्टेट ब्रोकर्स और डेवलपर्स का कहना है कि आने वाले दिनों में प्रॉपर्टी की बिक्री में बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। ब्रोकर्स ने कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद देशों में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए मिसाइल हमलों से यह लंबे समय से बना यह सेंटिमेंट ध्वस्त हो जाएगा कि दुबई संघर्षों के दौरान पैसे लगाने का एक सुरक्षित जगह है। उल्लेखनीय है कि दुबई ने पहले इस सेंटिमेंट को बूस्ट किया और फिर रूस, यूक्रेन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान ही नहीं, भारत के निवेशकों को भी दुबई में आकर्षित करने में सफल रहा। ईरान की ओर से दुबई के आसपास मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद से निवेशक डरे हुए हैं। वे इस बात की स्पष्टता का इंतजार कर सकते हैं कि क्या यह संघर्ष एक लंबे युद्ध युद्ध में बदल सकता है या जल्दी ही खत्म हो जाएगा। लेकिन इस चक्कर में दुबई के रियल एस्टेट सेक्टर की डिमांड तो प्रभावित होगी।

# भारत की एल एंड टी के 3.5 लाख करोड़ दांव पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) के निवेशकों के लिए यह सुबह किसी झटके से कम नहीं है। दरअसल, पिछले सप्ताहांत शुरू हुए ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध के चलते के शेयरों में शुरुआती कारोबार में ही करीब 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। भारतीय शेयर बाजार में सोमवार, 2 मार्च की सुबह भूचाल आ गया। वहीं, लार्सन एंड टूब्रो (के निवेशकों के लिए यह सुबह किसी झटके से कम नहीं है। दरअसल, पिछले सप्ताहांत शुरू हुए ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध के चलते रूञ्ज के शेयरों में शुरुआती कारोबार में ही करीब 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। अब सवाल उठता है कि आखिर को ही इस युद्ध की सबसे ज्याद कीमत क्यों चुकानी पड़ रही है? इसकी सबसे बड़ी वजह है मिडिल ईस्ट में कंपनी की मजबूत मौजूदगी। रूञ्ज भारत की सबसे बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है और उसका ऑर्डर बुक देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां उसका कितना बड़ा दांव लगा है।

कंपनी के कुल ऑर्डर में से 49 प्रतिशत यानी करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए का ऑर्डर सिर्फ अंतरराष्ट्रीय बाजार से आता है। इसमें से 80 प्रतिशत से ज्यादा ऑर्डर अकेले सऊदी अरब और मिडिल ईस्ट रीजन से है। सीएनबीसी टीवी-18 ने



फाइनेंशियल की रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि 37 प्रतिशत ऑर्डर मिडिल ईस्ट में हैं और चालू वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-दिसंबर) में मिले 33 प्रतिशत नए ऑर्डर भी इसी क्षेत्र से आए हैं। हमारे लोग सुरक्षित हैं, हालात पर नजर इतने बड़े संकट के बीच स्थिति को संभालने की पूरी कोशिश की है। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि मिडिल ईस्ट उनके लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम बाजार है, जहां एनर्जी, रिन्यूएबल, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में उनका लंबे समय से कारोबार है। कंपनी का दावा है कि वह लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और उसके सभी कर्मचारी, मजदूर और संसाधन सुरक्षित हैं। प्रवक्ता ने कहा, हमारी मैनेजमेंट कमेटी को जमीनी स्तर पर मौजूद हमारी टीमें, बिजनेस पार्टनर और स्थानीय प्रशासन हर पल की जानकारी दे रहे हैं। एहतियात के तौर पर कंपनी ने यात्रा को लेकर एडवाइजरी जारी कर दी है और सभी कर्मचारियों को अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है। शनिवार, 28 फरवरी की सुबह इस पूरे विवाद की शुरुआत हुई जब इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमला कर दिया। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके बाद ईरान ने बहरीन, और कुवैत में अमेरिकी नौसैनिक अड्डों पर हमला करके जवाब दिया। ईरान ने साफ कर दिया कि अब उसकी कोई रेड लाइन नहीं बची है और वह कुछ भी कर सकता है। तभी से पूरे मिडिल ईस्ट और इजरायल में ईरान की ओर से जमकर हमले किए जा रहे हैं, जिससे वहां हवाई अड्डे बंद हो गए हैं, यात्री फंसे हुए हैं और जनजीवन ठप हो गया है। इस हंगामे के बीच हाल ही में मिडिल ईस्ट और भारत में 10,000 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने अपनी तीसरी तिमाही की कमाई के बाद यह भी साफ किया था कि वह इस साल 10 प्रतिशत से ज्यादा ऑर्डर इनफ्लो ग्रोथ के अपने लक्ष्य को पार कर लेगी। साथ ही रेवेन्यू ग्रोथ 15 प्रतिशत और कोर मार्जिन 8 प्रतिशत रहने का अनुमान भी बरकरार रखा था। फिलहाल, बाजार में मचे इस भूचाल का असर के शेयरों पर साफ दिख रहा है। सोमवार सुबह कारोबार के दौरान कंपनी के शेयर 5.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,061 रुपए पर आ गए। हालांकि, पिछले छह महीने में अब भी स्टॉक में 13.6 प्रतिशत की तेजी है।

**सभी लाइसेंसियों पर लागू होगा नियम**

# खाने-पीने की दुकानों के लिए नए नियम लागू करने की तैयारी, जद में आएंगे कई कारोबारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत लाइसेंस प्राप्त सभी दुकानों पर यह नियम लागू होगा। देश में एक करोड़ से अधिक खाद्य कारोबारों को लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिनमें से लगभग 46 लाख से ज्यादा सक्रिय हैं। देश में खाद्य सुरक्षा को और मजबूत बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने प्रस्ताव रखा है कि अब खाद्य कारोबारियों को अपने प्रोडक्शन और स्टोरेज का डेली रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। इससे इनकी निगरानी करना आसान हो जाएगा। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उनके मुताबिक, नियामक ने अभी इन नए नियमों के लागू होने की तारीख तय नहीं की है और 5 अप्रैल 2026 तक इस प्रस्ताव पर सुझाव आमंत्रित किए हैं। इन नई व्यवस्था से देश के लगभग 50 लाख सक्रिय खाद्य कारोबारियों पर नए नियम लागू हो जाएंगे। नए प्रस्ताव के तहत खाद्य व्यवसाय संचालकों को कच्चे माल, इस्तेमाल की गई सामग्री, बन रही वस्तुओं और तैयार उत्पादों का दैनिक हिसाब रखना होगा।

इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता, स्रोत और भंडारण की जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके। सरकार का मानना है कि इससे खाद्य सुरक्षा निगरानी मजबूत होगी और यदि किसी उत्पाद में गड़बड़ी पाई जाती है तो उसका स्रोत जल्दी पता लगाया जा सकेगा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत लाइसेंस प्राप्त



सभी इकाइयों पर यह नियम लागू होगा। देश में एक करोड़ से अधिक खाद्य कारोबारों को लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिनमें से लगभग 46 लाख से ज्यादा सक्रिय हैं। वहीं, उद्योग संगठनों का कहना है कि बड़े संगठित कारोबार पहले से ही ऐसे रिकॉर्ड रखते हैं, इसलिए उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं होगी, लेकिन छोटे दुकानदारों, ढाबों और लघु इकाइयों के लिए यह अतिरिक्त बोझ बन सकता है। उन्हें नए तरीके अपनाने, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने और संभवतः डिजिटल व्यवस्था पर खर्च करना पड़ सकता है।



# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर राजपाल यादव की नई पारी का आगाज; शुरू किया यूट्यूब चैनल

अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों चेक बाउंस से जुड़े एक मामले को लेकर सुर्खियों में रहे। इसके चलते वे तिहाड़ जेल भी गए। फिलहाल उन्हें अंतरिम जमानत मिल चुकी है। इस बीच उन्होंने एक नई शुरुआत की है। यह शुरुआत उन्होंने डिजिटल दुनिया में की है। राजपाल ने अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया है। उन्होंने फैंस से सपोर्ट की अपील करते हुए शुक्रिया अदा किया है।

## नया सफर, नई शुरुआत

राजपाल यादव ने आज शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसके जरिए उन्होंने अपना नया यूट्यूब चैनल शुरू करने की जानकारी साझा की है। एक्टर ने लिखा है, 'नई शुरुआत, नया सफर। अभी सब्सक्राइब करिए मेरे यूट्यूब चैनल पर'। एक्टर के चैनल का नाम 'राजपाल नौरंग यादव' है। एक्टर के इस ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर दर्शकों को व्लॉग्स, मिनी सीरीज, कॉमेडी, बीटीएस मूमेंट्स सहित अलग-अलग किस्म का ढेर सारा कंटेंट देखने को मिलेगा।

## शुभ घड़ी आ गई है

राजपाल यादव ने अनाउंसमेंट वीडियो साझा करते हुए लिखा है, 'दोस्तों बताते हुए बहुत ही खुशी हो रही है और इसके लिए मैं बहुत दिनों से तैयारी भी कर रहा था, एक नई पारी के लिए। अब वह शुभ घड़ी आ गई है। अपना नया यूट्यूब चैनल लॉन्च कर रहा हूं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए आप सभी का बेशुमार प्यार मिल रहा है। अब इस यूट्यूब चैनल के जरिए आपको हमारे बारे में लगातार अपडेट्स मिलते रहेंगे। आपसे बस यही प्रार्थना करता हूं कि अपना प्यार और सपोर्ट बनाए रखिए'।



# द केरल स्टोरी 2 पर बोलीं मीरा चोपड़ा, एक लड़की होने के नाते मैं चुप नहीं रह सकती

**फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' कल शुक्रवार को रिलीज हो गई है। एक तरफ इस फिल्म को लेकर विवाद है। कुछ लोग इसे 'प्रोपोगेंडा' फिल्म कहकर आलोचना कर रहे हैं। मगर, वहीं, फिल्म जब थिएटर्स में लग गई है तो इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही हैं। साउथ की चर्चित अभिनेत्री मीरा चोपड़ा ने इस फिल्म को देखने के बाद अपने विचार साझा किए हैं।**




## फिल्म नहीं, एक वेक-अप सायरन है

मीरा चोपड़ा ने आज शनिवार को अपने एक्स अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' को जरूर देखे जानी वाली फिल्म बताया है। वे लिखती हैं, 'फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह भारत के लिए एक वेक-अप सायरन है। एक हिंदू महिला होने के नाते, युवा लड़कियों को ग्रूम करने, जबर्दस्ती करने और सोच के आधार पर टारगेट करने को देखकर मुझे गुस्सा आता है। सिस्टमैटिक तरीके से उन्हें सिखाने और शोषण करने का तरीका डरावना है'।

## महिलाओं की सुरक्षा 'प्रोपेगैंडा' नहीं

मीरा चोपड़ा ने आगे लिखा है, 'एक लड़की होने के नाते, मैं चुप नहीं रह सकती। महिलाओं की सुरक्षा 'प्रोपेगैंडा' नहीं है। यह देशभक्ति है। अगर हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, तो हमारा देश सुरक्षित नहीं है। हमारी महिलाओं की रक्षा करें। हमारी सभ्यता की रक्षा करें'। उन्होंने आगे फिल्म के निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह और प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह को टैग करते हुए लिखा है, 'आपने इस फिल्म को बनाने में जो हिम्मत दिखाई है, उसके लिए उनकी तारीफ होनी चाहिए। मैं हर परिवार, हर बेटी और हर भाई से गुजारिश करूंगी कि वे यह फिल्म जरूर देखें'।

'द केरल स्टोरी 2' का बॉक्स ऑफिस काफी विवादों के बाद शुक्रवार को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन ठीक-ठाक शुरुआत की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक ओपनिंग डे पर फिल्म ने 3.50 करोड़ रुपये से खाता खोला। फिल्म का पहला पार्ट 'द केरल स्टोरी' साल 2023 में रिलीज हुआ था। इसने पहले दिन 8.03 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

# क्यों शादी से डरती हैं डेजी शाह? कहा- परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

## आजकल शादी डरावनी लगती है

फिल्मीग्यान को दिए एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।' हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।'

## क्या चुनेंगी डेजी...प्यार या पैसा?

इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार' और 'पैसा' में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो।

## परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया, ताकि वे जब भी चाहें, बच्चे कर सकें। वर्कफ्रंट की बात करें, तो डेजी शाह आखिरी बार वेब सीरीज 'रेड रूम' में नजर आई थी। वे अब पलाश मुच्छल के निर्देशन में बनी फिल्म में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ श्रेयास तलपडे नजर आएंगे।





# क्या तृषा कृष्णन को डेट कर रहे हैं विजय?

शुक्रवार को तमिलनाडु से एक बड़ी खबर सामने आई। एक्टर विजय की पत्नी संगीता ने चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की है। तलाक याचिका के मुताबिक, संगीता ने विजय पर बेवफाई का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि विजय का एक अभिनेत्री के साथ 'अवैध संबंध' था। इस मामले के बाद सोशल मीडिया पर लोग एक एक्ट्रेस से विजय का नाम जोड़ रहे हैं।

## एक्स पर पोस्ट हुए वायरल

संगीता की तलाक की अर्जी में किसी एक्ट्रेस का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन सोशल मीडिया पर लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि कहीं वह इशारा विजय और तृषा कृष्णन की ओर तो नहीं था। अब सोशल मीडिया पर इसी बात की चर्चा हो रही है कि क्या विजय और तृषा की कथित नजदीकियां ही उनके तलाक की वजह बनीं? कुछ लोग विजय को उनकी शादी में बेवफाई का दोष दे रहे हैं, तो कुछ सीधे तौर पर तृषा को इस अलगाव के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। एक्स पर इस मामले को लेकर कई तरह के पोस्ट वायरल हो रहे हैं।

## साथ में कई फिल्में कर चुके हैं विजय और तृषा

विजय और तृषा की जोड़ी लंबे समय से तमिल सिनेमा की सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक रही है। 'घिल्ली' (2004), 'थिरुपाची' (2005), 'आथि' (2006) और 'कुरुवी' (2008) जैसी फिल्मों में दोनों की केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि 'कुरुवी' के बाद दोनों ने अचानक साथ काम करना बंद कर दिया, जिसके बाद अफवाहों का दौर शुरू हो गया। कहा गया कि 'घिल्ली' के दौरान उनकी दोस्ती कुछ ज्यादा गहरी हो गई थी। यहां तक कि यह भी चर्चा रही कि विजय के परिवार ने उन्हें तृषा से दूरी बनाने की सलाह दी थी। हालांकि विजय और तृषा दोनों ने हमेशा इन अफवाहों को खारिज किया और कहा कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं।





# शिवा या विक्रांत, किसे 'द 50' के विजेता के रूप में देखना चाहती हैं मोनालिसा, बताए शो से जुड़े अनुभव

'द 50' शो के पैलेस से बाहर आने के बाद मोनालिसा ने सोशल मीडिया पर लगातार जलवे बिखेरना शुरू कर दिया है। अभिनेत्री लगातार सुर्खियों में बनी हैं और अब उन्होंने खास बातचीत में रियलिटी शो से जुड़े अनुभव शेयर किए हैं और बताया कि उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण क्या रहा। 'द 50 शो' के अपने सफर को याद करते हुए मोनालिसा ने कहा, 'जब विक्रांत और मुझे 'द 50' शो का प्रस्ताव मिला, तो हम बेहद खुश थे। यह साल का पहला रियलिटी शो था, और हम इसका हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित थे। कुल मिलाकर, यह एक शानदार अनुभव रहा। बेशक, मुझे थोड़ा दुख है कि मैं इतनी जल्दी बाहर हो गई। हालांकि, विक्रांत अभी भी घर में हैं, और इससे मुझे बहुत खुशी है।'' शो को लेकर मोनालिसा ने कहा, 'मैं हमेशा से ही सच्ची रही हूं। मैं बिल्कुल वैसी ही थी जैसी अपने पहले रियलिटी शो में थी। मैं खुद को बेवजह के झगड़ों या बहसों में नहीं डालती। मैं बिना वजह दखल देना पसंद नहीं करती। मेरा इरादा नए दोस्त बनाना, नई टीम बनाना और फिर उसी के अनुसार रणनीति बनाना था। शो में आने से पहले मैंने इन सब बातों के बारे में सोचा था, लेकिन चीजें उस तरह से नहीं हुईं। वहां पहले से ही दो मजबूत टीमें थीं, जिसकी वजह से वहां घुल-मिल पाना मुश्किल हो गया था। फिर भी, मैंने विक्रांत, काका और सैमी के साथ सच्ची दोस्ती बनाई, और यह एक सकारात्मक अनुभव रहा।'

अभिनेत्री ने कहा, 'कई कठिन क्षण थे। जब भी परिस्थितियां तनावपूर्ण हो जाती थीं, वही मेरे लिए सबसे मुश्किल होता था। मैं अक्सर निराश हो जाती थी और सोचती थी कि मैं कहां आ गई हूं। कई बार तो ऐसा लगता था जैसे यह कोई रियलिटी शो नहीं बल्कि कुश्ती का अखाड़ा हो।'

बेबिका द्वारा विक्रांत के साथ हुई बातचीत पर मोनालिसा का कहना है कि हम दोनों को ही एक-दूसरे पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, 'मैंने वह वीडियो देखा। विक्रांत और मैं अठारह साल से साथ हैं। हम एक-दूसरे को गहराई से समझते हैं और हमारा रिश्ता बहुत मजबूत है। जब मैंने वह वीडियो देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि उसने ऐसा क्यों कहा, क्योंकि उसमें कुछ भी अनुचित नहीं था। अगर कुछ अनुचित होता भी, तो विक्रांत ने उसे समझदारी से संभाला। हम दोनों अभिनेता हैं। मैं पुरुष सह-कलाकारों के साथ काम करती हूं और वह महिला सह-कलाकारों के साथ। भरोसा हमेशा से हमारे रिश्ते की नींव रहा है।

आर्य ने निक्की की बोटॉक्स और एलएचबी सर्जरी पर कमेंट किया, इस पर मोनालिसा ने कहा, ''मेरा मानना है कि व्यक्तिगत पसंद का सम्मान किया जाना चाहिए। किसी को भी, चाहे वह पुरुष हो या महिला, उसके रूप-रंग के लिए अपमानित करना उचित नहीं है। आजकल कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है या उनकी आलोचना की जाती है, लेकिन वास्तव में, बहुत से लोग अपने रूप-रंग को निखारने के लिए प्रयास करते हैं। अच्छा दिखने में कुछ भी गलत नहीं है।''

शिवा के शो जीतने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा, ''बिलकुल, क्यों नहीं? शिवा मेहनती है और उसने पहले भी रियलिटी शो में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने यहां भी अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर वह जीतता है, तो यह उसके लिए गर्व और सम्मान की जीत होगी। हालांकि, मोनालिसा शो के विजेता के रूप में अपने पति विक्रांत को देखती हैं।''

शो के कॉन्सेप्ट और दर्शकों द्वारा 'द 50 शो' को चिड़ियाघर कहने के सवाल पर उन्होंने कहा, ''मैं इसे चिड़ियाघर नहीं कहूंगी। हां, अव्यवस्था तो है, लेकिन यह इसके स्वरूप का हिस्सा है। शो नए कॉन्सेप्ट के साथ आया, जिसमें पचास हस्तियां, पचास प्रतिभाशाली लोग, और पचास अलग-अलग दृष्टिकोण थे। इतने सारे सशक्त व्यक्तित्वों को एक मंच पर देखना वाकई रोचक है।'' मोनालिसा ने शो के प्रतिभागियों पर कहा, ''कई बार प्रतियोगियों का व्यवहार अनुचित रहा। उदाहरण के लिए, रजत कभी-कभी ऊंची आवाज में बोलता था और विक्रांत के बारे में अनुचित शब्दों का प्रयोग करता था, जो मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आया। अगर किसी को कोई समस्या है, तो उसे सीधे तौर पर संबोधित करना बेहतर है। इससे उसके असली चरित्र का पता चलता है।''



# भारत में 1 टेस्ट और 3 वनडे खेलेगा अफगानिस्तान

## धर्मशाला, मुल्लांपुर, चेन्नई और लखनऊ को मेजबानी, 6 से 20 जून के बीच होंगे मुकाबले

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान टीम 6 से 20 जून के बीच भारत में 1 टेस्ट और 3 वनडे खेलेगी। आईपीएल का 19वां सीजन खत्म होने के बाद सीरीज शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शेड्यूल रिलीज करते हुए बताया कि मुल्लांपुर में टेस्ट मैच से सीरीज शुरू होगी। फिर धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में 3 वनडे खेले जाएंगे।

### 14 जून को पहला वनडे

बीसीसीआई ने मीडिया रिलीज में बताया कि महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 6 से 10 जून तक टेस्ट मैच होगा। फिर 14 जून को एचपीसीए स्टेडियम में पहला वनडे, 17 जून को इकाना स्टेडियम में दूसरा वनडे और 20 जून को चेपॉक स्टेडियम में तीसरा वनडे खेला जाएगा। सभी वनडे दोपहर 1.30 बजे से शुरू होंगे।

विराट कोहली और रोहित शर्मा वनडे सीरीज में खेलते नजर आएंगे। दोनों ने इसी साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे सीरीज खेली थी।

**वर्ल्ड कप खेल रही है टीम इंडिया-** टीम इंडिया फिलहाल होमग्राउंड पर टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही है।



भारत ने रविवार को सुपर-8 स्टेज मैच में वेस्टइंडीज को हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। जहां टीम का सामना 5 मार्च को इंग्लैंड से होगा, मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम ग्रुप स्टेज भी पार नहीं कर सकी। टीम को न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार मिली। अफगानिस्तान ने यूएई और कनाडा को जरूर हराया, लेकिन ये जीत सुपर-8 स्टेज में पहुंचने के लिए काफी नहीं थीं।

### अफगानिस्तान ने टेस्ट करियर भारत के खिलाफ ही शुरू किया था

अफगानिस्तान ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत ही टीम इंडिया के खिलाफ मैच से की थी। 2018 में बेंगलुरु के मैदान पर भारत ने पारी और 262 रन से मुकाबला जीत लिया था। तब से अफगानिस्तान ने 13 टेस्ट खेले, 4 जीते और 7 गंवा दिए। जबकि 2 ड्रॉ रहे।

**भारत को कभी नहीं हरा सका अफगानिस्तान-** अफगानिस्तान और भारत के बीच 4 वनडे खेले गए। सभी मल्टिनेशन टूर्नामेंट में ही रहे। एशिया कप में दोनों ने 2 मैच खेले, 1 में भारत को जीत मिली, जबकि 2018 में एक मुकाबला टाई भी रहा। 2019 और 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भी दोनों के बीच 2 मैच हुए। सभी में भारत जीता। दोनों टीमों के बीच पहली बार वनडे फॉर्मेट की सीरीज होने जा रही है। टी-20 इंटरनेशनल में दोनों टीमों के बीच 9 मुकाबले हुए। 8 में भारत को जीत मिली, जबकि एशियन गेम्स में एक मुकाबला बेनतीजा भी रहा। दोनों टीमों ने इस फॉर्मेट की इकलौती सीरीज 2024 में खेली थी, तब भारत 3-0 से जीता था।

# एमएलएस लियोनल मेसी के 2 गोल से जीता इंटर मियामी

- पिछड़ने के बाद कमबैक किया, ओरलैंडो सिटी को पहली बार उन्हीं के घर में हराया



**ओरलैंडो (एजेंसी)।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के शानदार 2 गोल की बदौलत इंटर मियामी ने ओरलैंडो सिटी को 4-2 से हरा दिया। रविवार रात इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मियामी ने 2 गोल से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और मैच जीता। खास बात यह रही कि इंटर मियामी ने अपने इतिहास में पहली बार ओरलैंडो के घरेलू मैदान पर जीत दर्ज की, इससे पहले खेले गए 9 मैचों में टीम को यहां कभी जीत नहीं मिली थी।

**हाफ टाइम तक 2-0 से आगे था ओरलैंडो-** मैच की शुरुआत इंटर मियामी के लिए किसी बुरे सपने जैसी रही। ओरलैंडो सिटी ने होम कंडीशन का फायदा उठाते हुए शुरुआती 25 मिनट में ही मियामी को बैकफुट पर धकेल दिया था। 18वां मिनट- मार्को पासालिक ने इवान एंगुलो के पास पर गोल कर ओरलैंडो को 1-0 की बढ़त दिलाई। पासालिक का मियामी के खिलाफ यह लगातार चौथा गोल रहा। 24वां मिनट- डिफेंडर ग्रिफिन डोर्सी की मदद से मार्टिन ओजेडा ने दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। हाफ टाइम तक मियामी की टीम परेशानी में नजर आई।

**सेकेंड हाफ में मेसी और सेगोविया का तूफान-** दूसरे हाफ में कहानी पूरी तरह बदल गई। मियामी के खिलाड़ियों ने अटैकिंग फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया। 49वां मिनट- 20 साल के युवा फॉरवर्ड माटेओ सिल्वेटी ने अपने करियर का पहला गोल कर स्कोर 2-1 किया। 57वां मिनट- लियोनल मेसी ने सेगोविया के पास पर सटीक गोल दागते हुए स्कोर 2-2 की बराबरी पर ला खड़ा किया। 85वां मिनट- पूरे मैच में छाए रहे टेलैस्को सेगोविया ने बिना किसी मदद के सोलो गोल कर मियामी को पहली बार मैच में 3-2 की बढ़त दिला दी।

# लखनऊ में बच्चों संग खेले युवराज सिंह

## लड़कियों को मोटिवेट कर बोले- अच्छा कैच पकड़ा, लड़कों से कहा कुछ सीख लो



**लखनऊ (एजेंसी)।** क्रिकेटर युवराज सिंह सोमवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों को क्रिकेट की टिप्स दिए। इस दौरान बच्चों ने बॉलिंग की और युवराज ने बैटिंग। इसी के साथ युवराज ने कैच लेने की प्रैक्टिस कराई। इस दौरान युवराज सिंह ने लड़कियों की तारीफ करते हुए कहा- बहुत अच्छा कैच पकड़ा है। लड़कों देख लो। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा- आप सभी को हर बॉल पर तैयार रहना चाहिए। मैदान पर कभी भी लूज होकर नहीं खड़े होना चाहिए। लूज खड़े रहने पर कैच छूटेगा, बॉल चली जाएगी। रिलैक्स होकर हल्के हाथ से कैच पकड़ा जाता है। इस दौरान युवराज ने अपने बैट छोड़कर भागने का अपना एक किस्सा भी सुनाया।

**कैसे लगाएं बड़ी हिट, युवराज ने बताया-** युवराज सिंह ने खिलाड़ियों को बॉलिंग करने के टिप्स दिए। बताया कि स्पिन गेंदबाजी के साथ में पेस अटैक पर किस तरह से सही लाइन लेंथ पर बॉल की जाती है। बॉलिंग करते समय बॉडी का पॉस्चर क्या होना चाहिए?

# ईरान फीफा वर्ल्ड कप का बॉयकॉट कर सकता है

- फेडरेशन प्रेसिडेंट बोले- जंग के बीच अमेरिका में फुटबॉल खेलना मुश्किल, 11 जून से टूर्नामेंट



**ब्राजील (एजेंसी)।** फुटबॉल की दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' पर युद्ध का साया मंडराने लगा है। इजरायल और अमेरिका के हमलों के कारण ईरान टूर्नामेंट का बॉयकॉट कर सकता है। ईरान फुटबॉल फेडरेशन के प्रेसिडेंट मेहदी ताज ने कहा है कि मौजूदा हालातों में नेशनल टीम का अमेरिका जाकर फुटबॉल खेलना बेहद मुश्किल है। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई के बीच अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ईरान को अपने तीनों मैच अमेरिका में ही खेलने हैं।

### ट्रंप सरकार ने ट्रैवल बैन भी लगाया

ईरान के लिए स्पोर्ट्स के अलावा राजनीतिक परेशानियां भी कम नहीं हैं। ट्रंप सरकार ने ईरानी फैंस को देश में एंट्री देने से मना कर दिया है। ऐसे में ईरानी टीम का अमेरिका जाकर खुलकर खेल पाना भी मुश्किल लग रहा है।

### उम्मीद के साथ वर्ल्ड कप नहीं देख सकते- मेहदी

ईरानी स्पोर्ट्स वेबसाइट वर्ज़िश-3 से बातचीत में मेहदी ताज ने कहा, इस हमले के बाद हमसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि हम आशा और उत्साह के साथ वर्ल्ड कप की ओर देखें। अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। इससे पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव का माहौल बन गया।

# भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाने वाले 5 हीरोज

## सैमसन ने विंडीज से करो या मरो मैच जिताया; बुमराह-ईशान ने पाकिस्तान को हराया

**कोलकाता (एजेंसी)।** डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने छठी बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली। टीम इंडिया ने अपने अभियान का आगाज लीग स्टेज के तीनों मैच जीतकर किया। लेकिन, सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम पहला सुपर-8 मैच साउथ अफ्रीका से हार गई। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मिली हार के बाद टीम इंडिया की सेमीफाइनल में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई थी। इसके बाद उसने लगातार दो मैच जीतकर टॉप-4 में एंट्री की।



**संजू सैमसन- मैच विनिंग पारी खेली-** कोलकाता में भारत-वेस्टइंडीज का मैच करो या मरो था। टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही कैरेबियाई टीम ने 20 ओवर में 195 रन बनाए। संजू सैमसन 196 रन चेज कर रही भारतीय टीम से ओपन करने उतरे और मैच जिताकर लौटे। सैमसन ने 50 बॉल पर नाबाद 97 रनों की पारी खेली। सैमसन 3 मैच में एक फिफ्टी के सहारे 143 रन बना चुके हैं।

**जसप्रीत बुमराह- पाकिस्तान के खिलाफ दो विकेट झटके-** 14 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 175 रन बनाए। 176 रन चेज कर रही पाकिस्तान ने एक रन पर साहिबजादा फरहान का विकेट गंवाया। अगले ही ओवर में बुमराह ने सईम अयूब (6 रन) और कप्तान कप्तान सलमान अली आगा (4 रन) को पवेलियन भेजकर पाकिस्तान को दबाव में डाल दिया। इससे पाकिस्तानी टीम उबर नहीं सकी और 61 रन से हार गई। इस जीत ने भारत को सुपर-8 में पहुंचा दिया।

**ईशान किशन- नामीबिया, पाकिस्तान के खिलाफ फिफ्टी-** ईशान मौजूदा वर्ल्ड कप में भारत के टॉप स्कोरर की लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ 61 और पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन बनाए। वे पाकिस्तान के खिलाफ अभिषेक शर्मा के साथ ओपन करने उतरे। लेकिन अभिषेक जीरो पर आउट हो गई। ऐसे में ईशान ने तिलक वर्मा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने टीम इंडिया को 175 रन के स्कोर तक पहुंचाया।

**वरुण चक्रवर्ती- भारत के टॉप विकेट टेकर्स-** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के टॉप-3 विकेट टेकर्स में शामिल हैं। भारत के टॉप विकेट टेकर हैं। अब तक खेले गए 7 मैचों में 12 विकेट चटका चुके हैं। नामीबिया और नीदरलैंड के खिलाफ 3-3 विकेट लिए थे। पाकिस्तान के खिलाफ भी 2 विकेट चटकाए थे।

**हार्दिक पंड्या- 2 फिफ्टी, 6 विकेट भी झटके-** बैट और बॉल दोनों से योगदान दिया। अब तक खेले गए 7 मैचों में 172 रन बनाए। इनमें दो फिफ्टी शामिल रही। उन्होंने 156.36 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। पंड्या ने नई बॉल से गेंदबाजी की। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में साहिबजादा फरहान को पहले ही ओवर में जीरो पर पवेलियन भेज दिया। पंड्या अब तक 6 विकेट ले चुके हैं।

# पाकिस्तान की वर्ल्डकप टीम के प्लेयर्स पर 50-50 लाख जुर्माना

- टीम के खराब प्रदर्शन से पीसीबी नाराज, बोला- हारने की सजा मिलनी चाहिए

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बड़ा कदम उठाया है। बोर्ड अपने खिलाड़ियों से जुर्माना वसूलने वाला है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, पाकिस्तान के हर खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपए (16.28 लाख भारतीय रुपए) का जुर्माना लगाया गया। बोर्ड अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अब खिलाड़ियों को आर्थिक फायदा केवल अच्छे प्रदर्शन के आधार पर ही मिलेगा।

**भारत के मैच के बाद लगा दिया था जुर्माना-** पाकिस्तानी फैंस के साथ बोर्ड अधिकारी भी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाराज हैं। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद ही हर पाकिस्तानी खिलाड़ी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया गया था। पीसीबी ने कहा कि अगर अच्छे प्रदर्शन पर इनाम मिलता है, तो खराब प्रदर्शन पर सजा भी मिलेगी। भारत से हार के तुरंत बाद टीम को यह फैसला बता दिया गया था।

**नेशनल प्लेयर्स को हर महीने लाखों रुपए मिलते हैं-** पाकिस्तान में नेशनल टीम का हिस्सा प्लेयर्स को 4 कैटेगरी में सैलरी मिलती है। ए कैटगरी में करीब 65 लाख, बी कैटेगरी में 45



लाख, सी कैटेगरी में 20 लाख और डी कैटेगरी में 12.50 लाख रुपए हर महीने मिलते हैं। हालांकि, जुलाई 2025 से जून 2026 के पिछले कॉन्ट्रैक्ट में पीसीबी ने किसी भी खिलाड़ी को ए कैटेगरी में नहीं रखा। यानी जुर्माने के बाद बी कैटेगरी प्लेयर्स की करीब एक महीने की सैलरी कट जाएगी। वहीं सी और डी कैटेगरी के प्लेयर्स को 2 से 3 महीने की सैलरी जुर्माने में देनी पड़ेगी।

**श्रीलंका पर जीत के बावजूद बाहर हुआ पाकिस्तान-** पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज के पहले मैच में नीदरलैंड के खिलाफ मुश्किल से जीत दर्ज की।

# मुंबई क्रिकेट ने महिला टी-20 लीग की शुरुआत की

- जेमिमा समेत 3 आइकन प्लेयर होंगी, 1 से 15 जून के बीच आयोजन की तैयारी



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने महिला टी-20 मुंबई लीग की शुरुआत कर दी है। मेंस की टी-20 मुंबई लीग की तर्ज पर होने वाली इस फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता के लिए 3 टीमों की बिक्री से को एसोसिएशन 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय हुई है। लीग का आयोजन 1 से 15 जून के बीच हो सकता है।

### कुल 7 मुकाबले खेले जाएंगे

महिला लीग में कुल 7 मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें तीन आइकन खिलाड़ी शामिल होंगी, जिनमें जेमिमा रोड्रिग्स, सायमा ठाकोर और सयाली सतघरे के नाम प्रस्तावित हैं। हालांकि इनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला होगा। यह लीग सिर्फ मुंबई की महिला क्रिकेटरों के लिए होगी। एमसीए खिलाड़ियों की नीलामी भी कराने की तैयारी में है। एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि बोली प्रक्रिया को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

# अमेरिका-ईरान जंग के बीच पाकिस्तान-इंग्लैंड डोमेस्टिक मैच रद्द

## सुरक्षा हालात के चलते फैसला लिया गया, खिलाड़ी होटल में ही रहेंगे

**कराची (एजेंसी)।** अमेरिका, इजराइल और ईरान जंग के बीच पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा वनडे रद्द कर दिया गया है। रविवार को यह मैच अबू धाबी में खेल जाना था। क्षेत्र में बिगड़ते सुरक्षा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि आज होने वाला मुकाबला रद्द कर दिया गया है। सभी खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को होटल के अंदर ही रहने के निर्देश दिए गए हैं। आज कोई अभ्यास सत्र भी नहीं होगा।

**इंग्लैंड बोर्ड की सलाह पर फैसला-** पीसीबी री ने बताया कि यह फैसला इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी)की सलाह पर लिया गया। बोर्ड के अनुसार खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है।

पीसीबी लगातार ईसीबी के संपर्क में है और हालात पर नजर रखे हुए है। मध्य-पूर्व के हवाई क्षेत्र के दोबारा खुलने के बाद ही सीरीज के भविष्य पर फैसला किया जाएगा। इसमें यह भी तय होगा कि शाहीन्स टीम को पाकिस्तान वापस बुलाया जाए या बचे हुए मैच कराए जाएं।



**जॉनी बेयरस्टो ने मदद मांगी-** इस बीच इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी अबू धाबी में टीम के साथ मेंटर की भूमिका में मौजूद हैं। आईपीएल में खेल चुके बेयरस्टो ने यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मदद की अपील की। स्टार्मर के एक सोशल मीडिया वीडियो पर कमेंट करते हुए उन्होंने लिखा, क्या आप हमें घर पहुंचा सकते हैं। उनका यह संदेश वायरल हो रहा है।

**ईरान ने मिसाइल दागी-** यह स्थिति 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों के बाद बनी। इसके जवाब में तेहरान ने खाड़ी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में मिसाइल दागीं। इसके चलते कई देशों ने अपना हवाई क्षेत्र बंद या सीमित कर दिया है। ईरान ने ईरान में इजराइली हमले के बाद कई लोग मलबे में दब गए, जिन्हें बाद में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर निकाला गया।

**एशियन चैंपियंस लीग के फुटबॉल मैच भी टले-** मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में जारी तनाव के बीच एशियन चैंपियंस लीग एलीट के मुकाबले स्थगित कर दिए गए हैं। एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने रविवार को इसकी पुष्टि की। सोमवार और मंगलवार को यूएई और कतर में राउंड ऑफ 16 के चार पहले चरण के मैच खेले जाने थे।

# होली को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

## लोगों से की गई शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिले में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिलाधिकारी निखिल धनराज एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के निर्देश में फ्लैग मार्च निकाली गई। मुंगेर जमालपुर के मुख्य सड़कों पर फ्लैग मार्च का नेतृत्व सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद की उपस्थिति में पुलिस बल के जवानों ने संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार गस्ती अभियान चलाया जा रहा है। जगह-जगह वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है।वाहन जांच अभियान चलाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कानून व्यवस्था भंग करने वालों कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम लोगों से आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने का आग्रह किया गया। मालूम हो कि होली को लेकर हरस्तर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे है। जगह-जगह दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है। वहीं होली के अवसर पर विधि-व्यवस्था की निगरानी को लेकर जिला नियंत्रण कक्ष क्रियाशील कर दिया गया है। रमजान माह के दौरान मस्जिदों में तरावीह की नमाज एवं होली के जुलूसों के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद को रोकने हेतु प्रशासन सख्त है। होलिका दहन के समय पूर्व के विवादों या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाओं को रोकने हेतु सभी थाना प्रभारियों को शांति समिति की बैठक कर समाधान निकालने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से शहरी एवं ग्रामीण वासियों से अपील की है कि वे अपनी गौरवशाली परंपरा के अनुरूप होली का पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान, अपर थाना अध्यक्ष एसआई टीपू सुल्तान, एसआई दिलीप कुमार, एसआई साहेब राम, एसआई कंचन कुमारी, एस आई महादेव प्रसाद, एसआई लक्ष्मी नारायण, एएसआई धनंजय कुमार, एएसआई सत्तो पासवान एएसआई रमेश कुमार सहित 112 की टीम का नाम पीटीसी अनीता सोरेन, राकेश कुमार, उत्तम कुमार सहित कई मौजूद थे।

# रंग व पिचकारी से सज गईं दुकानें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जमालपुर (मुंगेर)।** शहर समेत आसपास के इलाकों में चार मार्च को होली का त्योहार मनाया जायेगा। पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे होली में पर्व को लेकर उमंग बढ़ गयी है। होली को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गयी है। जमालपुर शहर के सदर बाजार, 6 नंबर गेट, जनता मोर, नयागांव, सफियासराय सहित ग्रामीण क्षेत्र के दुकानों में रंग अबीर पिचकारी की दुकान सज गयी है। लोग बाजार में कुर्ता- पायजामा व रंग की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, रंग बिरंगी व आकर्षक पिचकारी बच्चों का मन मोह रहा है। बाजार में मिसाइल पिचकारी, ड्रेगन पिचकारी, बैलून पिचकारी, पेंसिल पिचकारी, छोटा भीम व डोरेमोन का काफी डिमांड है। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के मुखौटे व सजावटी सामग्रियों से भी दुकानें सजी पड़ी है। बाजार में हर्बल व आर्गेनिक गुलाल पर लोगों का रुझान है। वहीं रंगीन टोपी, भूत वाली टोपी व चश्मे की बिक्री भी जोरों पर है।

# होली में घर लौटने वाले यात्रियों को व्यापक सुरक्षा मुहैया करा रही रेल पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमालपुर (मुंगेर)।** होली को लेकर दूर दराज के क्षेत्र से लोगों का अपने घर पहुंचने का सिलसिला आरंभ हो गया है। ऐसे में लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बनी है। वहीं रेल पुलिस ने इस दौरान रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैयारी कर ली है। रेल जिला जमालपुर के एसपी विद्यासागर ने बताया कि होली को ले कर ट्रेन में संभावित भीड़ को देखते हुए रेल पुलिस को अलर्ट मोड में रखा गया है। उन्होंने सोमवार को विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर व्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने बताया कि त्योहारों के मौसम को देखते हुए नशा खुरानी की घटना पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए रणनीति तैयार की गयी है। इधर रेल एसपी के निर्देश पर रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार मॉडल स्टेशन जमालपुर के सभी प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाते हुए प्लेटफार्म पर संदिग्ध अवस्था में रखे गए सामानों की जांच कर यात्रियों से पूछताछ भी किया। उन्होंने अभी कहा कि होली को लेकर जो दिशा निर्देश यात्रियों के सुरक्षा को लेकर मिले हैं उसके तहत लंबी दूरी की ट्रेनों में एस्कॉर्ट के लिए तैनात किया गया। इसके अलावे स्टेशन पर अन्य गतिविधि का सत्यापन किया जा रहा है। प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे की मदद से निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि रेल पुलिस रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। यात्रा के दौरान रेल यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी होती है तो संबंधित स्टेशन या ट्रेन में मौजूद रेल पुलिस या जीआरपी जवानों को जानकारी दे सकते हैं. उनकी परेशानियों को दूर किया जायेगा। सर्च अभियान के दौरान एसआई निरंजन कुमार रजक, झब्बू कुमार सहित प्रतिभा कुमारी, शिवानी कुमारी, रामअवतार, रंजीत कुमार, अरविंद कुमार, राजू कुमार, डेजी कुमारी, कंचन कुमारी, बेबी कुमारी, विमला देवी, अमित कुमार, राजेश कुमार कई जवान मौजूद थे।

# पोठिया थाना में होली पर्व को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समेली/कटिहार।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पोठिया थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। वही फ्लैग मार्च का नेतृत्व पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने किया। इस दौरान अपर थाना अध्यक्ष अमित कुमार, एसआई निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, एसआई हितेश कुमार, एसआई डोली कुमारी सहित बिहार पुलिस के जवान एवं चौकीदार मौजूद रहे। जबकि समेली प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, अंचलाधिकारी प्रिय रंजन कुमार मौजूद रहे। होली त्योहार को सफल और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से निकाले गए इस फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने आम लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च पोठिया थाना क्षेत्र के समेली प्रखंड अंतर्गत पोठिया बाजार, भंगहा, चांदपुर चौक, समेली, चांदनी चौक विष्णुचक, चकला मौलानगर, खैरा, छोहार, डूमर, बकिया, मलहरिया सहित विभिन्न गांव-टोला और मोहल्लों में किया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान असामाजिक तत्वों, शराब के अवैध कारोबार और हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष गश्ती एवं निगरानी की व्यवस्था की गई है। पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाना को दें।

# बिजली पोल से झूलते जर्जर तार में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बांका।** कटोरिया प्रखंड के जयपुर थाना अंतर्गत कोल्हासार गांव में बिजली पोल के झूलते जर्जर तार से आग लग गई. जिनसे चार पुआल की टाल एवं दो गोशाला पुरी तरह जलकर राख हो गई। इस आगलगी की घटना में किसान जगदीश यादव, सिताबी यादव, अमिन यादव, चनरू यादव, किशन यादव के हजारों रुपये की नुकसान हुई। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर में पछुवा हवा तेज बहने के कारण जर्जर झूलते बिजली की तार एक दुसरे से सट गई जिसकी चिंगारी नीचे रखे पुआल की टाल तक पहुंची और अगजनी की घटना हुई। ग्रामीण मनोज यादव व घनश्याम यादव ने कटोरिया एवं बांका के अग्निशामक के पदाधिकारी को फोन पर घटना की सूचना दी तभी सूचना पाकर अग्नि शामक की दमकल गाड़ी बांका से पहुची और ग्रामीणों के सहारे आग पर काबू पाया। मौके पर जयपुर थाना के ए एस आई मुकेश कुमार दल बल के साथ पहुँचे थे। वही ग्रामीणों में महेन्द्र यादव, हृदय यादव, ललित यादव, गोपाल यादव, हरिबोल यादव, उमेश यादव, माखन यादव, कुलदीप यादव, दिनेश यादव, प्रदीप यादव, सुपाड़ी यादव आग बुझाने में सहयोग किया।

# होली के रंगों में रंगे सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** फाल्गुन की फुहारों के साथ होली का त्योहार इस बार सरस्वती विद्या मंदिर परिवार में बच्चों की मासूम हंसी और रंगों की उड़ान से और भी रंगीन हो उठा। सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर जमालपुर में बच्चों के साथ होली उत्सव मनाया गया, जबकि आचार्यों की पूरी टोली ने सरस्वती शिशु मंदिर, मुंगेर पथ में जाकर विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों के साथ होली खेली। दौलतपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने गुलाल की थपकी के साथ होली के गीत गुनगुनाए। बच्चे रंग-बिरंगे गुलाल से एक-दूसरे को रंगते हुए नाच-गाकर उत्सव की खुशियां बांटते दिखे। यह माहौल न केवल त्योहार की मिठास से भरा था, बल्कि संस्कारों और भारतीय परंपरा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता था। आचार्यों की टीम ने सरस्वती शिशु मंदिर, मुंगेर पथ पहुंचकर वहां के बच्चों के साथ होली खेली। उत्सव में सभी ने प्राकृतिक और हानिरहित रंगों का इस्तेमाल किया, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी झलकी। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर के प्रधानाचार्य छठु साह और उप प्रधानाचार्य संतोष कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। आचार्यों की इस एकजुटता ने विद्यालय परिवार की एकता और सौहार्द को प्रदर्शित किया।विद्या भारती से संबद्ध इन विद्यालयों में होली जैसे त्योहारों को केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि संस्कृति, मूल्यों और सामूहिकता का माध्यम बनाकर मनाया जाता है। इस बार का होली उत्सव बच्चों में आपसी प्रेम, खुशी और भारतीय परंपराओं के प्रति लगाव को मजबूत करने वाला साबित हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों और समाज से अपील की है कि वे भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लेकर बच्चों को भारतीय मूल्यों से जोड़ें। होली की बधाई रंगों से नहीं, रिश्तों से रंग जाए जीवन। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री डा. कमल किशोर सिन्हा, जिला निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ. बच्चन सिंह, सचिव चंद्रशेखर खेतान, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, समिति सदस्या शैल कुमारी, उदय कुमार, कुटुंब प्रबोधन के मुंगेर विभाग प्रमुख राकेश नारायण अम्बष्ट, जिला सह संघचालक विनेश कुमार शर्मा, समाज सेवी विजय कुमार, शंकर सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# 8 मार्च को महिला सशक्तिकरण की गूंज

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर कोशी संगम संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रभावशाली नाटक चिन्नी मत हो उदास का भव्य मंचन किया जाएगा। नाटक का रिहर्सल अपने अंतिम चरण में है और सभी कलाकार पूरे उत्साह, ऊर्ज़ा एवं समर्पण के साथ प्रस्तुति को यादगार बनाने में जुटे हुए हैं। यह नाटक समाज में महिलाओं के आत्मबल, संघर्ष, आत्मनिर्भरता और सम्मान के संदेश को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा। संस्था का उद्देश्य कला के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाना तथा महिला सशक्तिकरण के विचार को जन-जन तक पहुंचाना है। नाटक के लेखक रवि मुकुल एवं निर्देशक आलोक कुमार हैं। जिनके कुशल मार्गदर्शन में कलाकार अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। एक दर्जन से अधिक कलाकार इस प्रस्तुति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य कलाकारों में सोनम शर्मा, गुलशन कुमार सिंह, अभिनव पाल, आलोक कुमार, अंजली कुमारी, विकास कुमार, श्रुति कुमारी झा, आकाशदीप, नंदकिशोर एवं कौशिक कर प्रमुख रूप से शामिल हैं। तकनीकी पक्ष को भी विशेष रूप से सशक्त बनाया गया है। बैकग्राउंड म्यूजिक की जिम्मेदारी कुमार सत्यम संभाल रहे हैं।

# सौरभ निधि सर्वसम्मति से चुने गए जदयू जिलाध्यक्ष

## होली के उत्सवी माहौल के बीच पार्टी कार्यकर्ताओं में दोहरी खुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल के जमालपुर विधानसभा से विधायक बनने के बाद नए जिलाध्यक्ष की खोज की जा रही थी। इसी को लेकर प्रदेश के निर्देश पर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से सौरभ निधि को नया जिलाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सह जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सौरभ निधि लंबे समय से जदयू के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन में काम करते रहे हैं। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सौरभ निधि ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन उन्हें लगातार मिलता रहा है। कार्यकर्ताओं ने जो भरोसा उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को साथ लेकर चलेंगे। सौरभ निधि के सर्वसम्मति से चुने जाने से जदयू कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। मुख्यमंत्री के जन्मदिन और होली के रंगों के बीच जदयू कार्यालय जश्न के माहौल में रंगा नजर आया। पार्टी नेताओं का कहना है कि नई जिम्मेदारी के साथ संगठन को अब नई ऊर्ज़ा और नई दिशा मिलेगी। मौके पर चुनाव परिषद के निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम मोहन सिंह एवं निर्वाचन प्रवेक्षक अंजनी कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान चंद पटेल, पूर्व विधायक राजीव कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# अवैध दुकानों को हटाकर सड़क को कराया गया अतिक्रमणमुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**प्राणपुर/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत एनएच 31 सड़क बुद्धनगर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर अवैध रूप से अवस्थित 44 दुकानों को प्रशासन ने उजाड़ कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान प्रशासन ने अवैध रुप से बनाये गये 44 कच्चे एवं पक्के मकान रूपी दुकान को बुलडोजर से हटाकर सड़क को खाली करा दिया। अतिक्रमण मुक्त कराया गया। सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर दंडाधिकारी सहित भारी संख्या में महिला एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। प्राणपुर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो एवं अंचलाधिकारी शिखा कुमारी के नेतृत्व में सूझबूझ के साथ अतिक्रमण हटाने का कार्य आरंभ किया गया। जिसका भाकपा माले नेता पप्पू कुमार राय ने खुलकर विरोध करते हुए सड़क जाम करने का भी प्रयास किया। पुलिस ने बड़ी चालाकी से भाकपा माले नेता को घटनास्थल से उठाकर प्राणपुर थाना ले गई। माहौल को शांत करते हुए पुनः अतिक्रमण हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरु हुआ और दुकानों को बुलडोजर से हटा दिया गया। इस दौरान दुकानदार अपने-अपने सामानों को बचाने का हरसंभव प्रयास करते गये देखे गये। थानाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अभिकरण के कार्यपालक अभियंता बिनोद कुमार द्वारा जिला पदाधिकारी को अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया था। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने के लिए दंडाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। हलांकि अतिक्रमणमुक्त कराने के दौरान माले नेता द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए माले नेता को गिरफ्तार कर थाना लाया गया तथा अतिक्रमण कार्य पूरा कर लिया गया।

## एक नजर

### विवाद को प्रशासन ने सुलझाया

**बाराहाट, बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुर्गा पूजा मोतीहाट मंदिर के ज़मीनी विवाद को लेकर लंबे समय से चला आ रहा है। जिसमे की दो पक्षों के बीच बराबर तनाव पूर्ण की स्थिति बनी रहती थी। जिसमे आगामी चैती दुर्गा पूजा को लेकर आज बाराहट प्रखंड कार्यालय में बांका एसडीएम राज कुमार एवं बाराहाट बीडीओ गोपाल गुप्ता के द्वारा दोनों पक्षों के लोगों के साथ बैठक किया। जिसमे चैती दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण के साथ साथ आपस में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपील की गई। वहीं दोनों पक्षों के सहमति से बाराहाट प्रखंड विकास पदाधिकारी गोपाल गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर बाराहाट बीडीओ गोपाल गुप्ता बाराहाट सीओ विकास कुमार, सोनडीहा दक्षिणी पंचायत के मुखिया निजाम दुर्रानी, सबलपुर पंचायत के मुखिया निखिल बहादुर सिंह उर्फ मान सिंह, अविनाश सिंह, मुन्ना सिंह, आशुतोष सिंह, ओम प्रकाश यादव, सोनडीहा दक्षिणी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रमेश साह एवं द्वितीय पक्ष ओम प्रकाश सिंह के प्रतिनिधि पांडव सिंह, अरूण सिंह, विवेकानंद सिंह उपस्थित रहे।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटिहार इकाई की प्रांत सह मंत्री विनय सिंह के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द, एकता तथा सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने का संदेश दिया। होली का पर्व सामाजिक समरसता, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद बढ़ता है और महाविद्यालय का वातावरण और अधिक सौहार्दपूर्ण बनता है। परिषद सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक होली मिलन और आपसी शुभकामनाओं के साथ हर्षोल्लास के माहौल में हुआ। इस मौके पर प्रांत सह मंत्री विनय सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल ठाकुर, नीरज श्रीवास्तव, सत्यम कुमार, जिला संयोजक रोहन प्रसाद, नगर मंत्री राजा यादव, नगर सह मंत्री रवि सिंह, अमित गुप्ता, मोनू यादव, विशाल सिंह, मो हैदर, ध्रुव झा, जय कुमार, सचिन कुमार, अभिनव कुमार, जितेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### होलिका दहन समिति की ओर किया गया स्तंभ रोपण पूजन

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़ा बाजार हाट होलिका दहन समिति की ओर से 2 मार्च 2026 सोमवार को दिन के 10:30 बजे पूरे विधि विधान के साथ होलिका स्तंभ रोपण की गयी। आचार्य पंडित द्वारा विधि विधान से पुजा कराई गयी। समिति के संयोजक राजकुमार मुरारका ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम में मेयर उषा देवी अग्रवाल विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, पूर्व शिक्षा मंत्री डॉक्टर रामप्रकाश महतो सहित समाज के सभी प्रतिष्ठित लोग उपस्थित हुए। मध्य रात्रि को 12:35 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल करने के लिए नगर निगम द्वारा पूरी साफ सफाई की सुंदर व्यवस्था की गई। जिला प्रशासन द्वारा महिला पुलिस एवं पुरुष पुलिस की व्यवस्था बहुत ही अच्छी ढंग से की गई। कार्यक्रम में विश्वनाथ भुकानिया अनिल चमरिया, उपमेयर मंजूर खान, विमल सिंह बेगानी, मनोज रुंगटा, किशन बजाज उर्फ़ बुल्ली, राजु माँझी, गौरव कश्यप, गोपाल सुल्तानिया, राहुल मुरारका, चीकू मुकीम, चंचल सुल्तानिया, टप्पू चौधरी, पिंटू सुल्तानिया,आकाश अग्रवाल, प्रकाश तंबाकूवाला, संजीव माहेश्वरी, बासुकी यादव, शिव प्रकाश गारोदिया, शिवु मित्रुका, आलोक भोपालका, निखिल भोपालका आदि मौजूद रहे।

### छात्रों ने दिखाई तकनीकी प्रतिभा की चमक

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नेशनल पब्लिक स्कूल मनिहारी में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने अपनी खोजपरक जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न तकनीकी आधारित मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को आकर्षित किया। किसी ने सौर ऊर्ज़ा पर आधारित मॉडल तैयार किया तो किसी ने जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और स्मार्ट सिटी से जुड़े अभिनव प्रयोगों को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए विद्यालय के ट्रस्टी रामेश्वर पांडेय रमण ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी बच्चों में आत्मविश्वास और नवाचार की भावना को बढ़ावा देती है। वहीं प्राचार्य बोध कुमार सिंह ने छात्रों को निरंतर प्रयोग और शोध की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डा.ओम प्रकाश पाडे,डा. सुरेश चन्द्र सरस सहित विद्यालय परिवार के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। प्रदर्शनी ने यह साबित कर दिया कि मनिहारी के छात्र विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**डंडखोरा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** होली पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर डंडखोरा पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया।इस दौरान थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस थाना क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर स्थानीय लोगों से मिलकर भाइचारे के साथ होली पर्व मनाने और पर्व की आड़ में शराब या अन्य मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने की अपील करती नजर आई। वहीं स्पष्ट संदेश दिया कि उत्पात मचाने या सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।फ्लैग मार्च में एसआई रीतेश कुमार, अरबिंद कुमार, एएसआई सुमन कुमार, राहुल कुमार, संजीत कुमार सहित पुलिस बल एवं ग्रामीण पुलिस शामिल रहे।

### करंट लगने से बालक की मौत

**प्राणपुर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्राणपुर थाना क्षेत्र के धरहन पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव के चंचल शर्मा के दस वर्षीय पुत्र मनीष कुमार की बिजली की करंट लगने से उसकी मौत हो गयी है। मृतक बालक माता पिता का इकलौता पुत्र था। मृतक के परिजन ने बताया कि मोबाइल चार्ज करने के लिए इलेक्ट्रिक बोर्ड में तार जोड़ रहा था। तार जोड़ने के दौरान उसे बिजली का करंट लग गया।इस मौके पर ही उक्त बालक की मौत हो गया।मृतक बालक का पिता केरल मजदूरी करने गया है। मृतक के माता ममता देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। एकलौता पुत्र होने के कारण मृतक के माता का चीख पुकार से हर लोगो की आंखे नम हो गया है। होली त्योहार से एक दिन पहले घर मे मातम छा गया है। घटना को लेकर गांव में सन्नाटा छा गया है। घटना की सूचना स्वजनों द्वारा बिजली विभाग और अंचलाधिकारी को दिया गया है। विद्युत विभागीय अभियंता विजयकंात ठाकुर ने बताया कि करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। अंचलाधिकारी शिखा कुमारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### बसंतपुर में कांग्रेस की बैठक

**बसंतपुर/सीवान (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बसंतपुर मुख्यालय स्थित मेन रोड पर आरएसयू कॉलेज परिसर में महाराजगंज व गोरियाकोठी विधानसभा स्तरीय अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में लकड़ी नबीगंज, बसंतपुर व गोरियाकोठी प्रखंड के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (इन्नएए) की ओर से नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं हिमाचल प्रदेश के विधायक मलेन्द्र राजन तथा राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

# फाइलेरिया रोकथाम को लेकर एमडीए की खुराक देने का लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा करें: उपायुक्त

## शेष लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 10 मार्च तक बढ़ी हुई अभियान तिथि का ज्यादा से ज्यादा करें इस्तेमाल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को रस्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए-2026) अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने निर्देश दिया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान आमजन के बेहतर स्वास्थ्य से जुड़ा है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।





**जन-जागरूकता के लिए मल्टी मीडिया का अधिकतम उपयोग करें**

उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा सेवन अत्यंत आवश्यक है। आम जनता को ॠदवा क्यों खाएं ?ॡ इसका स्पष्ट संदेश देने के लिए मल्टी मीडिया का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने निर्देश दिया कि दवा सेवन करते हुए पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों के बैनर/पोस्टर प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएं, ताकि लोगों में विश्वास बढ़े और वे स्वेच्छा से दवा का सेवन करें।

**समाज में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका**

उपायुक्त ने चिकित्सकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज में चिकित्सकों की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आम जनता के बेहतर स्वास्थ्य की देखरेख के लिए चिकित्सक प्रेरक की भूमिका निभाएं और स्वयं आगे बढ़कर दवा सेवन के प्रति लोगों को जागरूक करें।

**छूटे हुए क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से चलाएं अभियान**

समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ क्षेत्रों में लक्ष्य की प्राप्ति शेष है। इस पर उपायुक्त ने जिला भी.वी.डी. पदाधिकारी डा. रेणु भारती को निर्देश दिया कि छूटे हुए क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाकर सभी लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित करें। घर-घर संपर्क कर शेष लाभुकों तक पहुंचने की रणनीति तैयार की जाए।

***10 मार्च तक बढ़ी हुई तिथि का अधिकतम लाभ उठाएं***

ज्ञात हो कि 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक संचालित एमडीए अभियान की तिथि को बढ़ाकर 10 मार्च 2026 तक कर दिया गया है। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि बढ़ी हुई अवधि का अधिकतम उपयोग करते हुए शेष लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करें। जानकारी हो कि, जिला स्वास्थ्य समिति (वैक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र) द्वारा आयोजित बैठक में जिला भी.वी.डी पदाधिकारी डा. रेणु भारती ने बताया कि 10 से 25 फरवरी तक आयोजित फाईलेरिया रोकथाम व नियंत्रण (एमडीए-2026) को लेकर 10 से 25 फरवरी तक आयोजित अभियान में जिले के 24,23,681 लोगों को दवा खिलाना था, जिसमें 88.75 फीसदी को दवा खिलाया गया है, शेष लक्ष्य को प्राप्त करने की कार्रवाई जारी है। बैठक में सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. एन पी सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, डा. सेलिना टुडू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जेएसएलपीएस डीपीएम, सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी, पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि, संबंधित चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# रक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने की अपील

## उपायुक्त ने नागरिकों से जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने का किया आग्रह



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सुरक्षित, संयमित और पर्यावरण - अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि थोड़ी सी सावधानी से यह पर्व सभी के लिए आनंदमयी बनाया जा सकता है।

**हर्बल रंगों का उपयोग करें**

त्वचा और आंखों की सुरक्षा के लिए इको-फ्रेंडली या हर्बल रंगों का ही प्रयोग करें।

**त्वचा की सुरक्षा करें**

होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल तेल या लोशन लगाएं, ताकि रंगों का दुष्प्रभाव कम हो और रंग आसानी से उतर सके।

**पानी की बचत करें**

सूखी होली या कम पानी का प्रयोग कर जल संरक्षण में सहयोग दें।

**सहमति का सम्मान करें**

किसी को रंग लगाने से पहले उनकी अनुमति अवश्य लें।

**सुरक्षा का ध्यान रखें**

आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनें और पुराने, आरामदायक कपड़े पहनें।

**संतुलित आहार लें**

मिठाइयों और तले-भुने खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित मात्रा में करें।

**जबरदस्ती से बचें**

किसी के साथ भी जबरदस्ती रंग लगाने या होली खेलने से बचें।

**हानिकारक रंगों का प्रयोग न करें**

धातुई,पक्के या रासायनिक रंगों से दूरी बनाए रखें, ये स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

**सुरक्षा नियमों का उल्लंघन न करें**

नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएं और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग न करें।

**पर्यावरण और पशुओं का ध्यान रखें**

पालतू या आवारा पशुओं पर रंग न डालें। खतरनाक वस्तुओं का उपयोग न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### आवास खाली कराने के बीएसएल प्रबंधन के निर्णय के खिलाफ सामूहिक भूख हड़ताल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आवास बचाओ संघर्ष समिति बोकारो के द्वारा आज एक दिवसीय सामूहिक भूख हड़ताल किया गया। यह भूख हड़ताल सेक्टर 12 में रहने वाले रिटायर्ड बीएसएल कर्मियों के द्वारा किया गया।जिनकी उम्र 70 से 80 वर्ष के बीच की है। बोकारो स्टील प्रबंधन के द्वारा सेक्टर 12 में डैमेज घोषित किए गए आवास से लोगों को निकालने का निर्देश जारी किया गया। जिसके लिए प्रबंधन के द्वारा नोटिस भी जारी किया गया है कि बोकारो स्टील प्रबंधन सेक्टर 12 में रहने वाले लोगों के साथ भेदभाव कर रही है। दूसरे सेक्टर में रिपेयर का काम पूरा हो चुका है। लेकिन सेक्टर 12 में रिपेयर नहीं कर लोगों को यहां से हटाने की साजिश की गई है। समिति के सदस्य जमुना राम ने कहा कि हम किसी कीमत पर अपने आवासों को नहीं छोड़ेंगे। अगर हमें आत्मदाह करना पड़े तो उसके लिए हम पीछे नहीं हटेंगे। प्रबंधन की साजिश का शिकार हम लोग हुए हैं। हम लोगों के साथ भेदभाव कर रही है। अगर प्रबंधन हमारे मानव को नहीं मानती है, तो हम लगा अधिकारियों के घर को बिना नोटिस दिए घेराव करने का भी काम करेंगे।



### अवैध कारोबार के खिलाफ मानवाधिकार मिशन वरीय अधिकारियों से करेगा पत्राचार

**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी एवं भोजूडीह में अवैध कारोबारों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। चाहे वह अवैध कोयला खनन हो, बालू का उठाव हो या फिर युवाओं को बर्बाद करती अवैध लॉटरी। अब इन मुद्दों पर मानवाधिकार मिशन ने कड़ा रुख अपनाया है। चंदनकियारी में बढ़ते अपराध और अवैध गतिविधियों को लेकर मानवाधिकार मिशन के जिलाध्यक्ष किरण चंद्र बाउरी ने चिंता जाहिर करते हुए जिले के उच्चाधिकारियों को पत्राचार करेंगे। क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध कोयला उत्खनन और बालू के अवैध परिवहन से जहाँ राजस्व की हानि हो रही है, वहीं अवैध लॉटरी के कारोबार ने स्थानीय परिवारों को आर्थिक दलदल में धकेल दिया है। जिलाध्यक्ष किरण चंद्र बाउरी ने बताया कि इन अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए वे जल्द ही एक उच्चस्तरीय पत्राचार करेंगे। इसके तहत वे उपायुक्त बोकारो, पुलिस अधीक्षक बोकारो,डीआईजी और आईजी को मांग पत्र सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि चंदनकियारी की धरती को अवैध खनन और लॉटरी माफियाओं के हवाले नहीं छोड़ा जा सकता। हम प्रशासन से मांग करेंगे कि इन सिंडिकेट्स को तुरंत ध्वस्त किया जाए, अन्यथा मानवाधिकार मिशन जनहित में उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।

**पुस्तकालय भवन का निरीक्षण, शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश**

संस्थान परिसर स्थित पुस्तकालय भवन का भी उपायुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने लाइटिंग, रंग-रोगन, बैनर-फ्लैक्स एवं अन्य अधिष्ठापन से जुड़े शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि इसी माह पुस्तकालय का संचालन प्रारंभ किया जाएगा, जिससे विशेष रूप से यूपीएससी की तैयारी करने वाले छात्रों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

**जेसोवा करेगी पुस्तकालय का संचालन**

उपायुक्त ने बताया कि पुस्तकालय का संचालन झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) द्वारा किया जाएगा। यह पहल न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का नया केंद्र बनेगी, बल्कि जिले में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक सशक्त मंच भी प्रदान करेगी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, बीडीओ अजय कुमार वर्मा, सीओ रवि आनंद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# बीएसएल में आंतरिक संसाधनों से विकसित कन्वेयर गैलरी का उद्घाटन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र ने संचालन उत्कृष्टता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। सीओ एंड सीसी विभाग के साइलो संख्या-31 से नवस्थापित कन्वेयर गैलरी का उद्घाटन दिनांक 02 मार्च को अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल मेंटेनेंस) प्रकाश कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसी) भास्कर प्रसाद सहित सेंट्रल मैकेनिकल मेंटेनेंस एवं सीओ एंड सीसी विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे. सीओ एंड सीसी विभाग स्थित साइलो संख्या-29 एवं साइलो संख्या-31 से दो नई कन्वेयर गैलरियों का सफलतापूर्वक संचालन प्रारंभ होने के साथ ही संयंत्र में सीडीआई कोयले की आपूर्ति अब टिपर्स के माध्यम से सीधे ब्लास्ट फर्नेस तक सुनिश्चित की जा सकेगी. इस नई व्यवस्था से प्रतिवर्ष लगभग ₹10 करोड़ की अनुमानित लागत बचत होने की संभावना है। साथ ही, इस परियोजना से कोयला परिवहन हेतु रेलवे वैगनों पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे संभावित परिवहन विलंब तथा डेमरेज शुल्क में भी कमी आएगी जिसके परिणामस्वरूप संयंत्र का लॉजिस्टिक प्रबंधन अधिक सुव्यवस्थित, दक्ष एवं समयबद्ध बनेगा.



# बोकारो एयरपोर्ट और इन्डस्ट्रियल कॉरिडोर को ले मुख्य सचिव से मिले कुमार अमित

## बीएसएल विस्तारीकरण में पहल हेतु जताया आभार ● जिला में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर भी सौंपा ज्ञापन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो एयरपोर्ट से यात्री विमान के परिचालन को प्रारम्भ करने और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को स्थापित करने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित झारखण्ड सरकार के मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार से रांची सचिवालय में मिले। कुमार अमित ने मुख्य सचिव को ज्ञापन देकर राज्य सरकार की ओर से इस सम्बन्ध में विशेष पहल करने की मांग की। इसके अलावा बोकारो में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की भी बात कुमार अमित ने अविनाश कुमार से कही। बोकारो स्टील प्लांट के स्थगित विस्तारीकरण को प्रारम्भ करने में मुख्य सचिव के रूप में सरकार स्तर पर महत्वपूर्ण सार्थक पहल करने हेतु श्री अविनाश कुमार को श्री कुमार अमित ने मोमेंटो दे शॉल ओढ़ाकर बोकारो वासियों की ओर से आभार भी प्रकट किया। कुमार अमित ने मुख्य सचिव को कहा कि उनके मुख्य सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर होने से बोकारो वासी गौरवान्वित और यहां के विकास के प्रति आशान्वित हैं। 100 करोड़ की लागत से तैयार हुए बोकारो एयरपोर्ट से यात्री विमान के परिचालन प्रारंभ होने की यहां के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा इसी प्रकार बोकारो में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना से यहां के विकास को गति और युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार ने इन विषयों को गम्भीरता से लेते हुए आवश्यक पहल करने का आश्वासन भी दिया।



# चंदनकियारी सीएचसी में स्वयं उपायुक्त ने एमडीए की खुराक लेकर लोगों को किया प्रेरित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर संचालित मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए-2026) अभियान के तहत उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने सोमवार को चंदनकियारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं एमडीए की खुराक लेकर आमजनों को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि एक भी व्यक्ति या परिवार छूटे नहीं, सभी लोग फाइलेरिया से बचाव के लिए निर्धारित एमडीए की दवा अवश्य लें। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन रोके जाने योग्य बीमारी है, जिससे बचाव के लिए दवा सेवन आवश्यक है।

**89 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर जताई चिंता, 8 मार्च तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का दिया निर्देश**

उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित सेविका एवं सहायिकाओं से संवाद करते हुए अब तक केवल 89 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त होने पर कारणों की जानकारी ली। उन्होंने शेष छूटे हुए लाभुकों तक घर-घर पहुंचकर दवा सेवन सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आगामी 8 मार्च तक हर हाल में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए।



इसके लिए सभी संबंधित विभागों एवं कर्मियों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया।

**होली पर्व को लेकर अस्पतालों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश**

सीएचसी निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने होली पर्व को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में दवा, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं आपातकालीन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। पर्व-त्योहार के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्र अलर्ट मोड में रहें तथा आवश्यक संसाधनों की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करेंगे। इस बाबत सिविल सर्जन को भी अपने स्तर से सभी एमओआइसी को जरूरी दिशा - निर्देश देने को कहा।

### बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 86303 आवेदन स्वीकृत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना झारखंड में खरीफ और रबी फसलों के लिए एक किसान हितैषी योजना है। यह किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान पर मामूली शुल्क में बीमा कवर प्रदान करती है। प्राकृतिक आपदाओं, कीटों और बीमारियों के कारण फसलों को होने वाली हानि से सुरक्षा प्रदान करना है। बैठक में विचार विमर्श के बाद बाघमारा प्रखंड के 9963, बलियापुर के 9895, धनबाद के 1585, एगारकुंड के 474, गोविंदपुर के 15904, कलियासोल के 8892, निरसा प्रखंड के 5792, पूर्वी टुंडी के 6599, तोपचांची के 19433 एवं टुंडी प्रखंड के 7766 सहित 86303 आवेदनों को सर्वसम्मति से अनुमोदन की स्वीकृति प्रदान की गई।

# प्रशिक्षु बच्चों के लिए बने हलवे को उपायुक्त ने चखा, गुणवत्ता से नहीं हो समझौता : उपायुक्त





**आवासीय तिरंदाजी प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षु बच्चों से किया संवाद**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को चंदनकियारी स्थित आवासीय तिरंदाजी प्रशिक्षण संस्थान के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने प्रशिक्षु बच्चों के लिए बने हलुआ का स्वयं स्वाद चखा। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए स्पष्ट कहा कि बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उपायुक्त ने कहा कि ये बच्चे न केवल अपने परिवार बल्कि जिले, राज्य और देश का भविष्य हैं।

**प्रशिक्षु बच्चों से आत्मीय संवाद, राज्य व देश का नाम रौशन करने का दिया संदेश**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर वे राज्य एवं देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा नियमित रूप से विद्यालय जाने की भी बात कही। उपायुक्त ने कहा कि खेल और शिक्षा का संतुलन ही सर्वांगीण विकास का आधार है।

**संस्थान की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

उपायुक्त ने चंदनकियारी स्थित आवासीय तिरंदाजी प्रशिक्षण संस्थान की समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण, आवास, भोजन, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उसंस्थान में उपलब्ध सभी संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रशिक्षुओं को उच्च स्तरीय सुविधाएं मिल सकें।

# तांतरी -उत्तरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आज 02 मार्च को तांतरी-उत्तरी पंचायत भवन में एक विशेष महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उनके घर के समीप ही विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना था. कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य जाँच कराई. शिविर में बोकारो जनरल अस्पताल के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरामेडिक्स की टीम ने अपनी सेवाएँ दीं. चिकित्सा दल में डॉ. एस.के. अग्रवाल (चर्म रोग), डॉ. साकेत मिश्रा (मेडिसिन), डॉ. राजीव कुमार (बाल रोग), डॉ. सौरभ खादातकर (सर्जरी), डॉ. अनुपमा शर्मा (नेत्र रोग), डॉ. जया अग्रवाल (स्त्री रोग) तथा डॉ. सीमा दास (दंत चिकित्सा) शामिल थे. विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं की प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं. शिविर के दौरान कुल 55 लाभार्थियों का उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया. इस स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में सीएसआर विभाग की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसमें महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री पी.पी. चक्रवर्ती, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) श्री प्रवीण कुमार सहित टीम के सदस्य श्री सूरज चन्द्र तिवारी, श्री संजीव कुमार एवं श्री संतोष कुमार सक्रिय रूप से सम्मिलित थे. यह आयोजन बोकारो स्टील प्लांट की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है. ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और निवारक स्वास्थ्य देखभाल सुदृढ़ होती है, जो एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में सहायक है.





**हॉट स्ट्रिप मिल में 'निष्ठा' कार्यशाला का आयोजन**

बोकारो इस्पात संयंत्र के हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) में आज दिनांक 02 मार्च 2026 को पांचवीं 'निष्ठा' कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर समावेशी, सुरक्षित और उत्पीड़न मुक्त वातावरण को बढ़ावा देना है. कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा किया गया. कार्यशाला का संचालन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) शिप्रा एन. हेम्ब्रम एवं वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन) सुष्मिता सोरेन द्वारा किया गया. सत्र के दौरान उन्होंने कार्यस्थल की प्रमुख नीतियों और जागरूकता के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला. कार्यशाला में 'पॉश' (कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न की रोकथाम) के प्रावधानों के साथ-साथ कंपनी की विभिन्न महत्वपूर्ण नीतियों जैसे मातृत्व अवकाश, पितृत्व अवकाश, बाल देखभाल अवकाश (चाइल्ड केयर लीव) और लघु परिवार योजना (स्मॉल फैमिली स्कीम) के बारे में जानकारी साझा की गई. वक्ताओं ने महिला कर्मियों के लिए उपलब्ध सहायक उपायों, जैसे लघु कार्य अवधि योजना (शॉर्टर वर्किंग पीरियड स्कीम) और बाहरी रोजगार के अवसरों के लिए आवेदन अग्रेषित करने की प्रक्रियाओं पर भी विस्तृत चर्चा की. इसके अतिरिक्त, महिला सशक्तिकरण और उनके करियर विकास की दिशा में विशेष पहलों जैसे 'सखी पोर्टल' और 'महिला नेतृत्व विकास कार्यक्रम' के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया. इन सत्रों के माध्यम से कर्मचारियों को उनके अधिकारों, उत्तरदायित्वों और कार्यस्थल पर सम्मानजनक आचरण के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया. कार्यक्रम के अंत में चर्चा किए गए विषयों पर आधारित एक 'ऑन-द-स्पॉट' प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. 'निष्ठा' पहल के अंतर्गत आयोजित यह कार्यशाला बोकारो इस्पात संयंत्र में एक समावेशी और सुरक्षित कार्य-संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. यह आयोजन कार्यस्थल पर सुरक्षा, समानता और कार्मिकों के कल्याण के प्रति प्रबंधन की सजगता को दर्शाता है. इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कर्मचारियों के बीच आपसी विश्वास और सम्मान बढ़ता है, जो संयंत्र की समग्र उत्पादकता और एक सकारात्मक कार्य वातावरण के निर्माण के लिए अनिवार्य है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com